कोटद्वार,सोमवार
20 मई 2024
वर्ष: 46
अंक: 30 पृष्ठ: 8
मूल्य: 2.00
RNI No.UTTHIN/2005/16338

# जयन्त

निर्भीक – निष्पक्ष – जनसरोकार

www.dainikjayantnews.com
स्थापित 1979
संस्थापक: स्व. नरेन्द्र उनियाल

डाक पंजीयन पी.ए.ओ.07-2024-26 फोन: 9412081969 email: nagendra.uniyal@gmail.com

## एक नजर

### मद्महेश्वर मंदिर के कपाट आज खुलेंगे

रुद्रप्रयाग। द्वितीय केदार भगवान मदमहेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली का गौडार पहुंचने पर ग्रामीणों ने भव्य स्वागत किया। पहले से ही मौजूद बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने फूल और अक्षतों की वर्षा कर डोली का स्वागत किया गया। सोमवार को डोली गौंडार से मद्महेश्वर पहुंचेगी जहां सुबह 11.15 बजे मंदिर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोले जाएंगे। रविवार सुबह भगवान की डोली भक्तों के जयकारों के साथ राकेश्वरी मंदिर रांसी से गौंडार को प्रस्थान हुई। रांसी के साथ ही रास्ते में कई जगहों पर ग्रामीणों ने डोली पर पुष्प वर्षा की और सुख शांति का आशीर्वाद लिया। देर शाम डोली दूसरे पड़ाव गौंडार पहुंची। जहां डोली की पूजा अर्चना की गई। यहां ग्रामीणों द्वारा दर्शन कर आशीर्वाद लिया गया। आज सोमवार को डोली मद्महेश्वर मंदिर पहुंचेगी। जहां पूर्वाह्न 11.15 बजे शुभ लग्न में द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर के कपाट भक्तों के दर्शनार्थ खोल दिए जाएंगे।

### प्रयागराज में राहुल और अखिलेश की सभा में मची भगदड़

प्रयागराज । कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की जनसभा में हंगामा हुआ है। जनसभा में भगदड़ मच गई है। कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गए हैं। कई लोगों के घायल होने की जानकारी मिल रही है। जानकारी के अनुसार, पड़िला महादेव फाफामऊ में आयोजित इंडिया गठबंधन की रैली में सपा और कांग्रेस के कार्यकर्ताओं का हुजूम उमड़ पड़ा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और सभा मुखिया अखिलेश यादव को देखने के लिए भीड़ काबू हो गई।

कार्यकर्ता बैरिकेडिंग तोड़कर अंदर घुस गए। कार्यकर्ता मंच पर चढ़ गए। इसके बाद राहुल गांधी और अखिलेश नाराज हो गए। कार्यकर्ताओं की इस हरकत से नाराज होकर दोनों नेता बिना कुछ बोले ही चले गए। दोनों नेता मंच से चले गए। दोनों नेता हेलीकॉप्टर में बैठकर यहां से रवाना हो गए।

प्रयागराज के फाफामऊ क्षेत्र में पड़िला में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य की जनसभा में रविवार की दोपहर भगदड़ मच गई। वहां मौजूद सैकड़ों की संख्या में सपा कार्यकर्ताओं ने मंच के सामने डी की बैरिकेटिंग तोड़ दी। वहां कई लोग घायल भी हुए। इस दौरान तमाम कार्यकर्ता मंच पर भी पहुंच गए। वहां मंच पर मौजूद सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव भी असहज हो गए। वह चुपचाप मंच पर लगी कुर्सी में बैठ गए। इस दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी भी वहां पहुंचे। मंच के सामने भीड़ जमा होने से दोनों नेता तकरीबन 15 मिनट तक बैठे रहे। फिर आपस में बातचीत कर दोनों वहां से चलते बने।

### जूता कारोबारियों पर आयकर छापा

आगरा । आयकर विभाग ने शहर के तीन बड़े जूता कारोबारियों के यहां तलाशी ली। इसमें अब तक 40 करोड़ रुपये नकद बरामद किए जाने की जानकारी मिली है। आयकर विभाग ने शनिवार को एमजी रोड के बीके शूज, धाकरान के मंशु फुटवियर और हींग की मंडी के हरमिलाप ट्रेडर्स पर एकसाथ कार्रवाई की है। गिनती के लिए बैंकों से नोट गिनने की मशीनें मंगवाई गई हैं। रात तक नोटों की गिनती जारी रही।आयकर चोरी की सूचना पर आयकर विभाग की इन्वेस्टिगेशन विंग ने आगरा, लखनऊ कानपुर के कर्मचारियों के साथ इन कारोबारियों के छह ठिकानों पर कार्रवाई की। इनमें बीके शूज के एमजी रोड स्थित प्रतिष्ठान और सूर्य नगर स्थित घर की तलाशी ली गई। जूते की ट्रेडिंग कर रही मंशु फुटवियर और बीके शूज के मालिक रिश्तेदार हैं और बीते कुछ सालों में ही बाजार में बड़ा नाम बन गए हैं।

### हादसे में चालक की मौत

बागेश्वर। तहसील क्षेत्र में पिकअप वाहन के खाई में गिरने से युवक को मौके पर मौत हो गई। एसडीआरएफ और पुलिस ने शव को खाई से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया है। तहसील क्षेत्र के शिवालय के समीप गड़िया–तोली मोटर पर एक पिकअप वाहन शनिवार की देर शाम करीब 200 मीटर नीचे खाई में गिर गया।

## ममता सरकार पर जमकर बरसे पीएम मोदी

# बोले: टीएमसी के तुष्टिकरण से बंगाल में हिंदू अल्पसंख्यक हुए



कोलकाता। लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए पीएम मोदी आज बंगाल दौरे पर हैं। यहां मेदिनीपुर में पीएम मोदी ने एक रैली को संबोधित किया, जिसमें उन्होंने राज्य की टीएमसी सरकार को निशाने पर लिया और टीएमसी पर राज्य की जनसांख्यिकी बिगाड़ने का आरोप लगाया।

पीएम मोदी ने कहा कि भाजपा की आंधी ने टीएमसी के आंतक के सभी किले ध्वस्त करना शुरू कर दिया है, इसलिए बंगाल में टीएमसी वाले ज्यादा बौखलाए हुए हैं।

**'बंगाल के कई इलाकों में हिंदू अल्पसंख्यक हुए'**

पीएम मोदी ने लोगों से भाजपा को वोट करने की अपील करते हुए कहा कि 'अब बस 25 मई को एक और प्रहार की जरूरत है, बंगाल में फिर टीएमसी के आतंक, भ्रष्टाचार के किले को गिरते देर नहीं लगेगी।' छठे चरण के तहत 25 मई को मेदिनीपुर में आम चुनाव के लिए मतदान होगा। बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि 'टीएमसी के तुष्टिकरण ने बंगाल में जनसांख्यिकी को डांवाडोल कर दिया है, समाज व्यवस्था को पूरी तरह बिगाड़ दिया है। टीएमसी देश के दूसरे राज्य वालों को बाहरी बताती है लेकिन अवैध घुसपैठिए इन्हें अपने लगते हैं। ये घुसपैठिए बंगाल में जनसंख्या संतुलन बिगाड़ते हैं, कई इलाकों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए,दलितों, पिछड़ों की जमीन पर ये कब्जा कर रहे हैं।'

**'टीएमसी सीएए का विरोध करती है'**

प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया, टीएमसी घुसपैठियों का स्वागत करती है लेकिन जो हिंदू अल्पसंख्यक यहां प्रताड़ति होकर आए हैं उनका घोर विरोध करती है। मैंने वादा किया था कि मैं इन शरणार्थी परिवारों को नागरिकता दूंगा, ये हमसे उम्मीद लगाए हुए हैं, लेकिन टीएमसी इनकी मदद और सीएए का विरोध कर रही है और कह रही है कि हम इसे लागू नहीं होने देंगे। टीएमसी, कांग्रेस और लेफ्ट वाले लिखकर रख लें जब तक मोदी जिंदा है तब तक वे कुछ नहीं कर पाएंगे।' प्रधानमंत्री ने कहा 'टीएमसी की साजिशों को रोकने के लिए केंद्र में मजबूत और स्थिर भाजपा सरकार का होना जरूरी है।

### बदरीनाथ हाइवे पर वाहन पलटा, 3 यात्री घायल

चमोली। बदरीनाथ हाइवे पर शनिवार देर रात एक टैम्पो ट्रेवलर चमोली और पीपलकोटी के बीच अनियंत्रित होकर सड़क पर ही पलट गया। इस दुर्घटना में तीन यात्रियों को मामूली चोटे आई है।

वाहन में 18 यात्री सवार थे। घायलों को उपचार के लिए जिला चिकित्सालय लाया गया। वाहन में सवार 14 अन्य सभी यात्री सुरक्षित हैं। पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अनुसार केदारनाथ से दर्शन कर बदरीनाथ जा रहा एक टेंपों ट्रेवलर शनिवार रात 9.30 चमोली कस्बा पार करने के बाद लगभग 200 मीटर आगे पीपलकोटी की ओर अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गया। सूचना मिलते ही चमोली थाने से पुलिस बल घटना स्थल पर पहुंचा और सड़क पर पलटे वाहन से यात्रियों को सुरक्षित निकला। वाहन में 18 यात्री सवार थे। वाहन पलटने से पिनाक, अमरीश, बिशा और पुष्पा निवासी अहमदाबाद को मामूली चोटे आई है। बाकी सभी यात्री सुरक्षित हैं । घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु 108 एम्बुलेंस के जरिए जिला चिकित्सालय गोपेश्वर भेजा गया। वाहन चालक ने बताया कि ब्रेक पेडल फेल होने के करण ब्रेक नहीं लगने पर उसने वाहन को पहाड़ी से टकरा दिया था। जिससे वाहन सड़क पर पलट गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को क्रेन और जेसीबी की मदद से हटाया गया।

# खोह नदी में डूबने से फिर हुई युवक की मौत

**जयन्त प्रतिनिधि।**



कोटद्वारः सिद्धबली मंदिर के समीप खोह नदी में पर्यटकों की लापरवाही उनके जीवन पर भारी पड़ रही है। हालत यह है कि रविवार को खोह नदी में नहाने के दौरान एक युवक की डूबने से मौत हो गई। पिछले दो माह से तीन युवक उक्त स्थान पर डूबने से असमय काल का ग्रास बन चुके हैं।

पुलिस ने बताया कि उत्तर प्रदेश बांस मंडी मछली बाजार नजीबाबाद निवासी अफसान (18) पुत्र साकिर रविवार को सिद्धबली क्षेत्र में घूमने के लिए आया हुआ था। दोपहर के समय वह अपने दोस्तों के साथ नदी में फोटो खिंचवाने चला गया। कुछ देर बाद अफसान नदी के तट पर कपड़े उतारकर नदी में नहाने के लिए चला गया। नहाते समय गहराई में आने से वह डूबने लगा। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने नदी की गहराई से अफसान को बाहर निकाला लेकिन, अस्पताल लाते ही अफसान ने दम तोड़ दिया। दरअसल, खोह नदी से काश्तकारों को पानी उपलब्ध करवाने के लिए सिंचाई विभाग ने तटबंध बनाया हुआ है। जिसमें डूबने से दो माह के भीतर तीन युवकों की मौत भी हो चुकी है। बावजूद इसके कई पर्यटक व स्थानीय युवा अपनी जिंदगी से खिलवाड़ कर उक्त स्थान पर डुबकी लगा रहे हैं। यही नहीं सिंचाई विभाग व प्रशासन की ओर से भी नदी में किसी भी तरह का चेतावनी बोर्ड तक नहीं लगाया गया है।

## बाल–बाल बची 185 लोगों की जान

# उड़ान भरते ही विमान के इंजन में लगी आग

बेंगलुरु। बेंगलुरु इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड ने रविवार को कहा कि बेंगलुरु से कोच्चि जा रही एयर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट के एक इंजन में आग लगने के बाद बेंगलुरु में आपातकालीन लैंडिंग कराई गई।

सूत्रों के मुताबिक, उड़ान भरने के कुछ मिनट बाद ही आग का पता चल गया था। चालक दल के सदस्यों ने हवाई यातायात नियंत्रक को सतर्क कर दिया और पूर्ण पैमाने पर आपातकाल घोषित कर दिया गया।बेंगलुरु के केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (केआईए) पर आपातकालीन लैंडिंग के तुरंत बाद आग बुझा दी गई।केआईए का प्रबंधन करने वाले बीआईएएल के एक प्रवक्ता ने एक बयान में कहा,18 मई, 2024 को बेंगलुरु से कोच्चि जा रही क 1132 के एक इंजन में आग लगने की सूचना के कारण 23:12 बजे बीएलआर हवाई अड्डे पर आपातकालीन लैंडिंग की गई। पूर्ण पैमाने पर आपातकाल घोषित कर दिया गया और लैंडिंग पर आग को तुरंत बुझा दिया गया।

### पूर्णागिरि में डेढ़ माह में लाखों श्रद्धालु पहुंचे

चम्पावत। पूर्णागिरि धाम में डेढ़ माह में दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन किए हैं। ये दावा मंदिर समिति ने किया है। वर्तमान में यूपी के कई हिस्सों में मतदान खत्म होने और गेहूं कटाई पूरी होने के बाद हर दिन 15 हजार से अधिक श्रद्धालु पूर्णागिरि पहुंच रहे हैं। पूर्णागिरि धाम का मुख्य मेला होली पर्व के बाद 26 मार्च से शुरू हुआ था। मुख्य मेला 15 जून तक चलेगा। पूर्णागिरि में बीते डेढ़ माह में दस लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माता के चरणों में शीश नवाया। तीन माह के मेले में मंदिर समिति ने 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं के पहुंचने की उम्मीद जताई है। मंदिर समिति अध्यक्ष किशन तिवारी ने बताया कि यूपी के कई हिस्सों में मतदान खत्म होने और गेहूं कटाई पूरी होने के चलते एक बार फिर से श्रद्धालुओं की भीड़ बढ़ने लगी है। बताया कि प्रतिदिन 15 हजार से अधिक श्रद्धालु माता के चरणों में शीश नवाने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु शारदा घाट में स्नान के बाद नेपाल स्थित ब्रह्देव में सिद्ध बाबा के दर्शन को पहुंच रहे हैं।

# ओडिशा में लोकसभा की पांच विधानसभा की 35 सीटों पर मतदान आज, 33 हजार सुरक्षाबल तैनात



उडीसा। देश में इन दिनों चुनावी मौसम चल रहा है। अब तक चार चरणों के दौरान कई प्रदेशों में मतदान हो गए हैं और अभी आगे कई राज्यों में कराए जाने हैं। लोकसभा चुनाव के पांचवे चरण में 20 मई को होने वाले मतदान से पहले राजनीतिक दलों ने अपना प्रचार अभियान तेज कर दिया है। वोटरों को लामबंद करने के लिए विभिन्न राजनैतिक दलों के नेता अलग–अलग राज्यों का दौरा कर रहे हैं और विरोधियों के खिलाफ बयानबाजी का दौर जारी है।

**डिप्टी सीएम केपी मौर्य का दावा– यूपी की 80 सीटों पर जीतेंगे**

उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केपी मौर्य ने कहा, 'हमारा आकलन वही है जो पहले था और वही 4 जून को नतीजे भी आएंगे...उत्तर प्रदेश की 80 की 80 बीजेपी और उसका गठबंधन जीतने जा रहा है...एक बार फिर पीएम प्रधानमंत्री बनेंगे।'

**ओडिशा में लोकसभा की पांच और विधानसभा की 35 सीटों पर मतदान कल, 33 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात**

ओडिशा में सोमवार को होने वाले लोकसभा के पांचवें और विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए चुनाव आयोग ने लगभग 33 हजार सुरक्षाकर्मी तैनात किए हैं, जिसमें केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) की 102 कंपनियां और ओडिशा सशस्त्र पुलिस की 66 प्लाटून शामिल हैं। प्रदेश के पांच संसदीय क्षेत्रों – अस्का, कंधमाल, बारगढ़, बोलांगीर और सुंदरगढ़ एवं 35 विधानसभा सीटों पर 20 मई को मतदान होना है। ये क्षेत्र नौ जिलों में फैले हैं। इसमें कंधमाल, बौध, बोलांगीर और बारागढ़ नक्सल प्रभावित इलाके हैं। डीजीपी अरुण सारंगी ने रविवार को कहा, छह नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के 556 बूथों सहित 7339 स्थानों पर कुल 9162 मतदान केंद्रों की सुरक्षा के पर्याप्त प्रबंध किए गए हैं। इनमें 102 सीएपीएफ कंपनियां, ओडिशा सशस्त्र पुलिस की 66 प्लाटून, 47 अतिरिक्त एसपी, 88 डीएसपी, 236 इंस्पेक्टर और दो हजार सब–इंस्पेक्टरों की ड्यूटी लगाई गई है।



## संपादकीय

# संतुलन खो रहा पर्यावरण

उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्र इन दिनों भीषण गर्मी के प्रकोप से जूझ रहे हैं। आश्चर्य यह है कि अपने खुशनुमा मौसम के लिए विख्यात देहरादून में तराई की गर्मी जैसे हालात बन गए हैं और तापमान 40 के आंकड़े से भी पार होता हुआ नजर आने लगा है। पहाड़ों में जरूर बरसात होने के कारण थोड़ा मौसम राहत भरा नजर आ रहा है जिससे चार धाम यात्रियों को भी राहत मिल रही है लेकिन पहाड़ों से नीचे उतरते ही श्रीनगर से लेकर हरिद्वार और हरिद्वार से लेकर देहरादून तक भीषण गर्मी से यात्री और स्थानीय लोग जूझ रहे हैं। पिछले 20 वर्षों में जिस प्रकार से उत्तराखंड के मैदानी क्षेत्रों में अनियोजित विकास हुआ है उसमें ना जाने कितने हजारों लाखों पेड़ों को भी अपना बलिदान देना पड़ा है। देहरादून जो कभी थोड़ी सी गर्मी बढ़ने पर बादलों से घिर जाता था, आज वहां 40 डिग्री पार होने के बाद भी बारिश का दूर–दूर तक नामो निशान नहीं है। शुष्क मौसम से मैदानी क्षेत्र प्रभावित है और अब स्थिति यह हो गई है कि भीषण गर्मी और सूर्य की तपिश के कारण दिन के समय सड़कों पर भी आवाजाही कम नजर आने लगी है। यह चिंता का विषय है कि ऐसे हालात बनाने के लिए क्षेत्र का नियोजित विकास एवं निर्माण कार्यों के नियम कानून को लेकर सरकार की लापरवाही भी जिम्मेदार है। बड़े–बड़े वृक्ष आच्छादित क्षेत्र को कंक्रीट का जंगल बनाने के लिए काटा जा चुका है और अभी ना जाने सरकार के कितने प्रोजेक्ट प्रस्तावित है जिनके कारण नगरों की शोभा बने वृक्षों को काटा जाएगा। समय आ गया है कि हर व्यक्ति को अपने क्षेत्र का स्वरूप एवं पर्यावरणीय संतुलन बचाने के लिए जन आंदोलन जैसा कदम उठाना होगा। विकास की आड़ में नगरों का विनाश नहीं किया जा सकता और यदि कोई ऐसा करता है तो सम्भ्रांत लोगों को अनिवार्य तौर पर इसका विरोध करना चाहिए। विकास की आड़ में न केवल राजधानी देहरादून बल्कि पहाड़ों से लेकर मैदान तक के दूसरे क्षेत्रों में भी खुलेआम आरियां चली हैं। कहने को तो निर्माण का जिम्मा संभालने वाली प्राधिकरण संस्थाओं ने कई नियम कानून बनाए हैं जिसमें वर्षों के पतन को प्रतिबंधित किया गया है लेकिन ऐसे असंख्य उदाहरण सामने है जहां वृक्षों की बलि चढ़ा कर कंक्रीट के महल खड़े कर दिए गए हैं। उत्तराखंड में पर्यावरण का बिगड़ा मिजाज यूं ही नहीं बना है बल्कि इसके पीछे पूरी तरह से मानवीय कारण ही जिम्मेदार हैं। मकान और बहुमंजिला इमारतें तो बनती है लेकिन वृक्ष लगाने के नाम पर कोई जिम्मेदारी तय नहीं है। वृक्ष नहीं लगा सकते तो यह भी निश्चित होना चाहिए कि वर्षों से लगे शोभायमान वृक्षों को काटने का अधिकार भी किसी को नहीं मिलना चाहिए। अपनी जिस खूबसूरती और पर्यावरण संतुलन के लिए देहरादून जैसा शहर विश्वविख्यात था वृक्षों के असीमित कटान के कारण अब वह भी अपनी पुरानी पहचान खो चुका है। आज उत्तराखंड के पहाड़ों के मैदानी क्षेत्रों में ठीक वैसे ही हालात बनते नजर आ रहे हैं जैसे की उत्तर प्रदेश के भीषण गर्मी वाले क्षेत्रों में नजर आते हैं। कहीं ना कहीं हमने संभलने में अब बहुत देर कर दी है लेकिन यदि अभी भी नहीं जागे तो आने वाले समय में गर्मी का प्रकोप इससे भी कहीं अधिक उग्र रूप में देखने को मिलेगा।

# साइबर हमले को लेकर सजग हों हम

**मधुरेंद्र सिन्हा**

इंटरनेट ने दुनिया को एक गांव में तब्दील कर दिया था, पर डिजिटलीकरण ने उस दुनिया को और बदल दिया है। दूरियां खत्म कर दी है। कहीं से भी, कभी भी संवाद स्थापित करना पलक झपकते संभव है। परंतु इसी सरलता ने देशी–विदेशी अपराधियों को मौका दे दिया है और वे सक्रिय हो गये हैं।

आज ऐसे लोग मौजूद हैं जो इसका लाभ उठाकर आम आदमी और हमारे देश को नुकसान पहुंचाना चाहते हैं। साइबर हमलों के माध्यम से ऐसे प्रयास बढ़ रहे हैं, जिनमें से कुछ स्थानीय आपराधिक तत्वों के अलावा सीमाओं के पार से प्रायोजित अपराधी भी शामिल हैं।

इन हमलों का उद्देश्य भारत के दूरसंचार, बैंकों, बिजली, अस्पतालों से लेकर सरकारी और निजी क्षेत्र के प्रतिष्ठानों तक के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को ध्वस्त करना और लूट, फिरौती एवं अराजकता के माध्यम से अविश्वास पैदा करना है।

इन दिनों साइबर हमलावरों ने दिल्ली सहित उत्तर भारत के कई नगरों में ईमेल भेजकर स्कूल, स्टेशन, हवाई अड्डों को बम से उड़ाने की धमकी देनी शुरू की है। सुरक्षा एजेंसियों ने पता लगा लिया है कि यह शांति भंग करने की एक साजिश है और एक गिरोह ईमेल भेजकर सभी को डरा रहा है।

सुरक्षा एजेंसियों ने इस अपराध को रोकने के लिए कई उपाय किये हैं, उम्मीद है कि अपराधियों का जल्द ही पता लग जायेगा। जी–20 के दौरान तो भारतीय प्रतिष्ठानों और जी–20 आयोजनकर्ताओं के दफ्तरों पर हजारों नहीं लाखों हमले हुए। परंतु हमारी एजेंसियों ने अपना कौशल दिखाते हुए उन्हें नाकाम कर दिया।

जी20 शिखर सम्मेलन के दौरान हर 60 सेकेंड में 16 लाख साइबर अटैक हुए थे। केंद्रीय एजेंसियों ने अपनी त्वरित कार्रवाई से साइबर अपराधियों को उनके मंसूबों में सफल नहीं होने दिया। केवल देश ही नहीं, आम जन पर भी लगातार ऐसे हमले हो रहे हैं। साइबर अपराधी आम जनता को कॉल करके उनसे ठगी कर रहे हैं। देश में रोजाना साइबर अपराध के चलते 50000 कॉल मिल रही हैं। एक लाख लोगों पर 129 शिकायतें दर्ज हो रही हैं। हजारों साइबर अपराधी पकड़े जा रहे हैं और उन पर कार्रवाइयां हो रही हैं।

इन अपराधों को रोकने तथा लोगों में विश्वास पैदा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृह मंत्री अमित शाह की टीम द्वारा शुरू की गयी "साइबर सेफ इंडिया पहल" गृह मंत्रालय की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है। केंद्रीय गृह मंत्रालय में साइबर क्राइम से निपटने के लिए स्थापित किये गये "भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र" (आईफोरसी) ने अब तक उल्लेखनीय कार्य किया है।

विदेशों से हमले करने वाले साइबर अपराधियों के पास आधुनिकतम डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर है। वे कहीं से भी हमला करते हैं और हमारे देश के महत्वपूर्ण संस्थानों की वेबसाइटों तथा संचार व्यवस्था को ध्वस्त करने की कोशिश करते हैं या वहां से सूचनाएं चुराने का प्रयास करते हैं। हमारे कई बड़े संस्थानों पर ऐसे हमले हो चुके हैं, पर अधिकतर निष्फल ही हुए है। इस तरह के हमले चीन, पाकिस्तान से तो होते ही हैं, तुर्की और यहां तक की अमेरिका–कनाडा से भी होते हैं।

भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (आइफोरसी) ने देशभर में 1200 करोड़ रुपये से अधिक की बचत की है और लगभग पांच लाख शिकायतों का निपटारा किया है।

यह केंद्र विभिन्न कानून प्रवर्तन एजेंसियों और हितधारकों के बीच समन्वय स्थापित करने के अतिरिक्त, साइबर अपराध से निपटने के लिए देश के भीतर क्षमता निर्माण करने का भी प्रयास कर रहा है। इसने राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) के लॉन्चिंग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभायी थी, जिसका उपयोग पहले से ही राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में 31 लाख से अधिक साइबर अपराध शिकायतों, 66,000 एफआईआर के साथ 14 करोड़ बार किया जा चुका है। क्राइम एंड क्रिमिनल ट्रैकिंग नेटवर्क एंड सिस्टम्स (सीसीटीएनएस) के माध्यम से 12। 30 करोड़ से अधिक मामलों का निपटान किया जा चुका है। राष्ट्रीय साइबर फोरेंसिक प्रयोगशाला (एनसीएफएल) साइबर घटनाओं से संबंधित जांच में सहायता करती है। चूंकि ऐसे अपराध राज्य की सीमाओं से परे होते हैं, इसलिए आइफोरसी ने बेहतर अंतर–राज्य समन्वय के लिए संयुक्त साइबर अपराध समन्वय दल जेसीसीटीएस की स्थापना की है।

आइफोरसी के अंतर्गत राष्ट्रीय साइबर अपराध पारिस्थितिकी तंत्र प्रबंधन इकाई साइबर स्वच्छता में जागरूकता के लिए "संपूर्ण सरकारी दृष्टिकोण" अपनाती है। "साइबर दोस्त" नामक एक सोशल मीडिया हैंडल भी संचालित किया जा रहा है, जो विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर सुरक्षा से जुड़े टिप्स मुहैया कराता है। गृह मंत्रालय द्वारा "साइबर जागृति दिवस" नामक एक पहल भी आरंभ हुई है, जिसे राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों और स्कूलों, कॉलेजों द्वारा हर महीने के पहले बुधवार को सुबह 11 बजे शुरू किया जाता है। गृह मंत्री ने गुरुग्राम में एनएफटी, एआइ और मेटावर्स के युग में अपराध और सुरक्षा" विषय पर जी–20 सम्मेलन के दौरान भारत के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों से साइबर स्वयंसेवक दस्ते को हरी झंडी दिखाई थी। डिजिटल रूप से सुरक्षित भारत की जरूरत बन चुका आईफोरसी पहल विकसित भारत के आह्वान को एक मजबूती प्रदान करता है। भविष्य में बड़े पैमाने पर डिजिटल दुनिया में होने वाले अपराधों को रोकने, कम करने और उन पर निगरानी रखने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय की देखरेख में एक राष्ट्रव्यापी साइबर अपराध रोकथाम तंत्र कार्यरत है।

भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। परंतु इसके मार्ग में साइबर अपराधी खड़े हैं। कई देश नहीं चाहते कि भारत इतनी तरक्की करे और इसके लिए वे साइबर हमलों का सहारा लेते हैं ताकि उनकी पहचान छुपी रहे, परंतु हमारी एजेंसियां भी इतनी चुस्त–दुरस्त हैं कि वे पकड़ ही लेती हैं कि हमला कहां से हो रहा है या इसके पीछे कौन–कौन से तत्व हैं। हमलावर भी चुप नहीं बैठते और उनके विरुद्ध हमारी ओर से भी जवाबी हमले किये जाते हैं ताकि उनकी कमर टूटे।

गृह मंत्री अमित शाह द्वारा शुरू किये गये तीन नये आपराधिक कानूनों का उद्देश्य साइबर अपराधियों द्वारा कानून के चंगुल से बचने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली कानूनी खामियों को दूर करना भी है। बावजूद इसके, अभी बहुत कुछ किये जाने की जरूरत है, परंतु इस क्षेत्र में सक्रिय रहने और "डिजिटल रूप से सुरक्षित भारत" सुनिश्चित करने के प्रयासों की दिशा में सरकार बहुत अच्छा काम कर रही है। सजग रहना ही समस्या का समाधान है।

## जलवायु परिवर्तन

धरती के तापमान में बढ़ोतरी तथा जलवायु परिवर्तन से प्राकृतिक आपदाओं की त्वरा के साथ–साथ स्वास्थ्य से संबंधित जोखिम भी बढ़ रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कहा है कि मलेरिया की रोकथाम के लिए हो रहे प्रयासों के लिए जलवायु परिवर्तन एक खतरा बनता जा रहा है। भारत समेत दुनिया के अधिकतर देशों में मलेरिया एक बड़ी चुनौती है। वातावरण का तापमान और उमस बढ़ने तथा अनियमित बरसात या अतिवृष्टि आदि से मलेरिया का कारण बनने वाले मच्छरों के व्यवहार और वृद्धि पर असर पड़ रहा है।विशेषज्ञों के अनुसार, अपेक्षाकृत अधिक गर्मी मच्छर के भीतर मलेरिया परजीवी के विकास तथा संचरण की संभावना को बढ़ा सकती है। अनियमित बारिश और नमी से मच्छरों को पैदा होने के अनुकूल वातावरण मिल सकते हैं तथा उन्हें प्रजनन के लिए जगह मिल सकती है। ऐसी स्थिति में मलेरिया के मामले बढ़ने की आशंका बढ़ जायेगी। एक चिंताजनक पहलू यह भी है कि जलवायु परिवर्तन से जहां कई स्थानों पर मलेरिया के मामले बढ़ सकते हैं, वहीं दूसरी ओर ऐसी जगहों पर यह बीमारी वापस भी आ सकती है, जहां से इसका उन्मूलन हो चुका है। इससे स्वास्थ्य सेवा पर बोझ बहुत बढ़ सकता है और मलेरिया की रोकथाम के लिए अब तक हुए प्रयास एवं उपलब्धियों का मतलब नहीं रह जायेगा। भारत के लिए यह बड़ी चुनौती है। देश की लगभग 95 प्रतिशत आबादी मलेरिया–प्रभावित क्षेत्रों में वास करती है।

हमारे यहां 80 प्रतिशत मामले उन जगहों से आते हैं, जहां जनसंख्या का 20 प्रतिशत हिस्सा रहता है। ये जगहें आदिवासी, पहाड़ी, दुर्गम और दूर–दराज के क्षेत्र हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन की 2021 की रिपोर्ट के अनुसार, 2020 में दुनिया के 96 प्रतिशत मलेरिया के मामले केवल 29 देशों में दर्ज किये गये थे। भारत में 1। 7 प्रतिशत मामले थे और मौतों में 1। 2 प्रतिशत का हिस्सा था। अगर दक्षिण–पूर्व एशिया क्षेत्र को देखें, अनुमानित मामलों में 83 प्रतिशत तथा मौतों में 82 प्रतिशत की हिस्सेदारी भारत की थी। दर्ज मामलों में इस क्षेत्र में भारत का हिस्सा 36। 4 प्रतिशत था। अनुमानित और दर्ज मामलों के आंकड़ों में इस अंतर का कारण कोरोना महामारी से उत्पन्न स्थितियां हैं, फिर भी कोशिश की जानी चाहिए कि हर मामला दर्ज किया जाए। निश्चित रूप से दो दशक से मलेरिया की रोकथाम में उल्लेखनीय सफलता मिली है, फिर भी यह गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। जलवायु परिवर्तन इसे खतरनाक दिशा मुहैया करा सकता है। हमें इस पर भी ध्यान देना चाहिए कि मलेरिया की जांच और उपचार की सुविधाओं का विस्तार हो। बहुत सी मौतें समय पर जांच नहीं होने और उपचार न मिलने के कारण होती हैं।

## कोयले के खनन और ढुलाई से पर्यावरण को नुकसान

शेष विश्व की तरह भारत भी बिजली उत्पादन के लिए लंबे समय से कोयले पर निर्भर रहा है। तेल और गैस जैसे जीवाश्म ईंधन भी ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति का बड़ा आधार रहे हैं। ये स्रोत बड़े पैमाने पर प्रदूषण के कारण रहे हैं। कोयले के खनन और ढुलाई से भी पर्यावरण को नुकसान होता है तथा तेल एवं गैस की खरीद पर बड़ी मात्रा में विदेशी मुद्रा खर्च करनी पड़ती है। देश में गैस और तेल उत्पादन से भी अनेक समस्याएं पैदा होती हैं। पर स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन और उपभोग में बढ़ोतरी से इनके उपयोग में उत्साहजनक कमी आने लगी है। साल 1966 के बाद यानी लगभग छह दशकों में पहली बार ऐसा हुआ है कि बिजली उत्पादन में कोयले की हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से नीचे आयी है। इस वर्ष जनवरी से मार्च की अवधि में देश में 13,669 मेगावाट बिजली उत्पादन की क्षमता जोड़ी गयी है, जो एक रिकॉर्ड है। इस क्षमता में स्वच्छ ऊर्जा का हिस्सा 71. 5 प्रतिशत है।

# देश को दुनियां में सम्मान दिलाने की क्षमता हो

**अखिलेश आर्येन्दु**

चुनावी मौसम में वेद शास्त्रों और आचार्य चाणक्य के राष्ट्रपरक नीति वचन की याद आना लाजिमी है जिसमें कहा गया है कि जनता ऐसे दूरदर्शी, त्यागी, नीतिवान और चरित्रवान व्यक्ति का चुनाव करे जिसमें देश को बेहतरी की तरफ ले जाने और दुनिया में सम्मान दिलाने की क्षमता हो।

एक नागरिक का कर्त्तव्य अपने देश के प्रति कैसा होना चाहिए? इस पर चाणक्य का कहना है, कर्त्तव्य को विवेक से करना नीतिवान मनुष्य का प्रथम कर्त्तव्य है। चाणक्य इसी संदर्भ में कहते हैं–भली प्रकार सोच–विचार कर या अवसर को पहचानने के बाद ही कोई निर्णय लेना चाहिए।

पांच साल के बाद जनता को अवसर मिलता है कि निवर्तमान सरकार के कायरे, नीतियों और निर्णयों का बेहतर मूल्यांकन कर नई सरकार के लिए बगैर किसी लालच खूब सोच–समझ कर अपना मत दे यानी ईवीएम का बटन दबाए। तमाम तरह के सर्वे समझाने की कोशिश करते रहे हैं कि आम चुनाव में भी क्षेत्रीय मुद्दे और जात–पात की मानसिकता हावी है। हम मतदाता अपने नागरिक कर्त्तव्यों को बेहतर सोच और परिणाम के साथ निभाने में हमेशा पीछे रहते हैं, वरना क्या वजह है कि दुनिया के तमाम देशों में जहां सरकार बनाने के लिए अस्सी–नब्बे प्रतिशत मतदान होता है वहीं भारत में पचास या साठ के आसपास। ताजा सर्वेक्षण तस्दीक करते हैं कि देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के बनिस्बत महंगाई और बेरोजगारी को तरजीह दी जा रही है यानी आतंक, धारा 370, समान नागरिक संहिता (कानून), विदेशी घुसपैठ जैसे राष्ट्रीय सुरक्षा और अस्मिता के मुद्दे ज्यादातर लोगों के लिए अहमियत नहीं रखते यानी राष्ट्र प्रथम के ऊपर महंगाई और बेरोजगारी भारी पड़ रही है।

बेहतर शासन की कवायद की जगह आरक्षण और संविधान बचाने के सब्जबाग लोगों को शायद ज्यादा अपील कर रहे हैं। ऐसा है तो भारत जैसे राष्ट्रीय गौरव–गरिमा और सांस्कृतिक चेतना की पहचान रखने वाले देश के लिए चिंता की बात मानी जाएगी क्योंकि न तो निवर्तमान सरकार आरक्षण खत्म करने जा रही है, और न संविधान ही बदला जाएगा।

यह एनडीए के घोषणापत्र में प्रमुखता से उल्लेख किया गया है। राजनीति के जानकारों की मानें तो यह भी हो सकता है कि कुछ लोगों के निहित स्वार्थ केंद्र और राज्य सरकार चुनते समय राष्ट्रीय मुद्दों से दूर रखने का कार्य कर रहे हों। लोग अपने जातिगत, मजहबगत और क्षेत्रगत भावनाओं से ऊपर निकलना न चाह रहे हों यानी व्यक्तिगत निहित स्वार्थ न पूरा हो पाने के कारण बहुत छोटे–मोटे मनमुटाव मतदान से दूर हों, या गर्मी की वजह भी लोगों को मतदान करने में रुकावट पैदा कर रही हो।

दरअसल, राष्ट्रवादी भावना का उद्वेग भारत में खास मौकों पर ही देखा जाता है। आजादी के बाद पिछले 76 वर्षों में राष्ट्र प्रथम के कर्त्तव्यबोध का संचार सतत राष्ट्र जागरण के तौर पर हुआ ही नहीं। जैसे दुनिया के तमाम देशों में हुआ।

यही वजह है कि राष्ट्रभाषा, राष्ट्र सुरक्षा, राष्ट्र निर्माण और राष्ट्रहित पर केंद्रित चुनाव हुए ही नहीं। देश–दुनिया में जैसी भारत की साख है, उस पर केंद्रित राष्ट्रीय अस्मिता और राष्ट्र चेतना से ताल्लुक रखने वाले मुद्दे अब न नारों में सुनाई पड़ते हैं, और न दलों के चुनावी घोषणापत्रों में। हां, खुद को राष्ट्रवादी दल कहने वाले दलों के चुनावी घोषणापत्र में इस पर चर्चा जरूर शामिल है। व्यक्ति, परिवार और जाति–मजहब केंद्रित दलों की स्वार्थवादी सोच ने भारत की साख, शक्ति और अस्मिता के सवालों को कभी तवज्जो दी ही नहीं। इसका परिणाम यह हुआ कि व्यक्तिगत हितसाधन और महज आत्म–केंद्रित क्षुद्र स्वाथरे की ही पूर्ति होती रही। राष्ट्र प्रथम के बारे में सोचा ही नहीं गया। इससे आंचलिक क्षत्रपों के पारिवारिक और सामाजिक हितसाधन होते रहे, लेकिन राष्ट्र और सर्वहित हमेशा पीछे छूटता रहा।

मूल्याधारित राजनीति अब बीते जमाने की बात हो चुकी है। इसलिए राजनीतिक दलों से मूल्याधारित राजनीति और बेदाग छवि वाले नेताओं के नेतृत्व की आशा भी नहीं की जा सकती। यही वजह है कि दागदार नेताओं की बड़ी तादाद भारतीय राजनीति का हिस्सा बन चुकी है, और उनके खिलाफ कोई आक्रोश कहीं दिखाई नहीं दे रहा। आज का भारतीय समाज अर्थ केंद्रित है। गुण, ज्ञान, अनुभव और प्रतिभा का मूल्यांकन अच्छी नौकरी पाने या व्यापार में खूब मुनाफा कमाने तक सीमित हो गया है। यही वजह है कि आम चुनाव में विपक्ष द्वारा बार–बार सब को नौकरी देने जैसे असंभव माने जाने वाले कार्य को हवा दी जा रही है।

रेवडियों को बांटने और किसानों की कर्जमाफी के जो वादे किए जा रहे हैं, वे सत्ता हथियाने के हथियार ही नजर आ रहे हैं।

यदि भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने की बात कही जा रही है तो उन सभी मुद्दों, समस्याओं, विसंगतियों और खामियों पर ईमानदारी से गौर करना होगा जो भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में रुकावट हैं। बढ़ती आबादी, घटते संसाधन और लोगों की अति महत्त्वाकांक्षा को पूरा करने की चुनौती केंद्र में आने वाली सरकार के सामने होगी ही। ऐसे में संकीर्ण दायरों और सोच से बाहर आना होगा।

तभी भारत 2047 तक विकसित राष्ट्र के रूप में दुनिया को अपनी ताकत का अहसास करा सकेगा। उम्मीद की जानी चाहिए कि सभी राजनीतिक दल राष्ट्र प्रथम की भावना से चुनाव लड़ेंगे और जीतेंगे भी।

# ब्रिजर्टन के तीसरे भाग में शामिल हुईं बनिता संधू

वेब सीरीज ब्रिजर्टन के पिछले दोनों सीजन को दर्शकों का काफी प्यार मिला है।प्रशंसक पिछले लंबे वक्त से इसके तीसरे सीजन का इंतजार कर रहे हैं, जो अब खत्म हो चुका है।दरअसल, ब्रिजर्टन 3 के पहले भाग का प्रीमियर नेटफ्लिक्स पर हो रहा है।ब्रिजर्टन 3 की कहानी और तमाम सितारों की अदाकारी ने दर्शकों का दिल जीत लिया है, वहीं अभिनेत्री बनिता संधू ने इस सीरीज में मिस मल्होत्रा बन सबका दिल जीत लिया है।

बनिता की अदाकारी की हर शख्स तारीफ कर रहा है। वह इस सीरीज के दूसरे भाग में भी नजर आएंगी, जो 13 जून, 2024 को रिलीज होगा।बनिता एक ब्रिटिश–भारतीय अभिनेत्री हैं। उन्होंने वरुण धवन की फिल्म अक्टूबर के जरिए बॉलीवुड में कदम रखा था, जिसमें उनकी अदाकारी की खूब तारीफ हुई।इन दिनों बनिता अदिवी शेष की पैन इंडिया फिल्म गुडाचारी 2 की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस फिल्म की रिलीज तारीक फिलहाल सामने नहीं आई है।



ब्रिजर्टन सीजन 3 में बनिता संधू एक राजकुमारी के किरदार में नजर आ रही हैं.

एक्ट्रेस इस शो के रीजेंसी एरा में शामिल हो गई हैं. भारतीय और विदेशी दोनों सिनेमा में काम करने वाले बनिता संधू ने ब्रिजर्टन सीजन् 3 में कमाल का अभिनय किया है. जूलिया क्विन की किताब पर आधारित इस नेटफ्लिक्स सीरीज में बनिता ने मिस मल्होत्रा की भूमिका निभाई है. शो में उनके किरदार का परिचय होते ही नेटिज़न्स ने रिएक्शन देना शुरू कर दिया है. भारतीय फैंस बनिता को इस सीरीज में देख थोड़ा हैरान रह गए थे. ब्रिजर्टन फिलहाल नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग कर रही है.

बनिता संधू एक ब्रिटिश–भारतीय मॉडल और अभिनेत्री हैं जो हिंदी भाषा की फिल्मों और टेलीविजन विज्ञापनों में काम करती हैं। यूनाइटेड किंगडम में जन्मी संधू ने यूनाइटेड किंगडम में एक मॉडल के रूप में अपना करियर शुरू किया। वह भारत में विभिन्न टेलीविजन विज्ञापनों में भी दिखाई दी हैं।

## अभिषेक शर्मा बने आईपीएल के नए 'सिक्सर किंग

नई दिल्ली। आईपीएल के हर सीजन में कई रिकॉर्ड्स बनते और टूटते हुए नजर हुए नजर आते है। मौजूदा सीजन में सनराइजर्स हैदराबाद की तरफ से खेल रहे बाएं हाथ के युवा बैटर अभिषेक शर्मा ने आक्रमक बल्लेबाजी कर हर किसी का ध्यान अपनी ओर खींचा। अभिषेक शर्मा ने सनराइजर्स हैदराबाद को मजबूती देने का काम किया और ट्रेविस हेड के साथ शानदार तरीके से पारी का आगाज किया।

आईपीएल के इस सीजन में उन्हें जब भी मौका मिला तो वह छक्का लगाते हुए नजर आए और हैदराबाद में पंजाब किंग्स के खिलाफ खेले गए मैच में उन्होंने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। मौजीदा सीजन में विराट कोहली को पछाड़कर सबसे ज्यादा छक्के जड़ने वाले बैटर बन गए हैं। आईपीएल के किसी एक सीजन में सर्वाधिक सिक्स जड़ने वाले अभिषेक शर्मा पहले भारतीय बने।

# अभी तक चुप क्यों हैं विराट कोहली

नई दिल्ली। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू ने शनिवार को आईपीएल –2024 में चेन्नई सुपर किंग्स को हरा दिया। इसी के साथ ये टीम प्लेऑफ में पहुंच गई है। लेकिन इस जीत के बाद जो हुआ उसने आरसीबी और उसके फैंस पर कई तरह के सवाल खड़े कर दिए हैं। ऐसे सवाल जिनके जवाब अभी तक नहीं मिले हैं। इन बातों पर आरसीबी ने पूरी तरह से चुप्पी साध रखी है। आरसीबी के स्टार विराट कोहली भी आंखें मूंदकर चुप बैठे हैं। आरसीबी और चेन्नई का मैच इस सीजन का महामुकाबला था। इस मैच से साफ होना था कि प्लेऑफ की चौथी टीम कौनसी होगी। आरसीबी ने ये स्थान अपने पास रखा। मैदान के अंदर आरसीबी जश्न मना रही थी। उसके फैंस झूम रहे थे लेकिन मैच खत्म होने के बाद आरसीबी फैंस ने जो किया वो शर्मनाक ही कहा जा सकता है।

क्या हुआ था मैच के बाद?




दरअसल, सोशल मीडिया पर कई वीडियो और पोस्ट इस समय वायरल हो रहे हैं जिनमें साफ देखा जा सकता है कि आरसीबी के फैंस चेन्नई के फैंस को घेर रहे हैं। उनको परेशान कर रहे हैं और उनकी हूटिंग कर रहे हैं। सोशल मीडिया पर कई पोस्ट देखने को मिलीं जिनमें इस तरह की शिकायतें हैं कि चेन्नई के फैंस स्टेडियम के बाहर पीली जर्सी में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं क्योंकि आरसीबी के फैंस ने मैच खत्म होने के बाद उनके साथ बदतमीजी की। ऐसा व्यवहार किया जो आम तौर पर देखने को नहीं मिलता है।

# जाह्नवी कपूर ने ब्लू और रेड प्रिंट शेड में साड़ी पहने सोशल मीडिया का पारा किया हाई

बी–टाउन की खूबसूरत हसीना जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड फैशन स्टेटमेंट्स के कारण चर्चाओं में रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया पर आते ही तबाही मचाने लगता है। एक्ट्रेस ने हाल ही में अपनी लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं,जिसमें वो काफी स्टनिंग पोज देती हुई नजर आ रही हैं। दरअसल, जाह्नवी कपूर की फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही का ट्रेलर लॉन्च हुआ है। इस दौरान उन्होंने बेहद ही खूबसूरत साड़ी पहने हुए इंटरनेट पर कहर बरपा दिया है। एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर हमेशा अपने बोल्ड ड्रेसिंग सेंस और ग्लैमरस लुक्स के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट बटौरती रहती हैं। उनका हर एक लुक सोशल मीडिया आते ही छा जाता है।अब हाल ही में जाह्नवी कपूर ने अपने लेटेस्ट फिल्म मिस्टर एंड मिसेज माही के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में बेहद शानदार साड़ी पहनी थी, जिसमें उनका कातिलाना अंदाज देखकर फैंस दीवाने हो गए थे। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं एक्ट्रेस ने रेड और ब्लू प्रिंट कलर की साड़ी पहनी हुई है, जिसमें वो अपना पल्लू लहराते हुए एक से बढ़कर एक सिजलिंग अंदाज में पोज देती हुई कैमरे के सामने फोटोशूट करवा रही हैं।

बता दें एक्ट्रेस जाह्नवी कपूर जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम अकाउंट पर पोस्ट करती हैं तो फैंस अक्सर उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स के जरिए अपनी–अपनी प्रतिक्रियाएं देते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में भी यूजर्स ने कॉमेंट्स करते हुए रिएक्शंस शेयर किए हैं। एक यूजर ने लिखा है सो स्वीट। वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है– सो हॉट एंड ग्लैमरस। फिर तीसरे यूजर ने लिखा है– सो सेक्सी। जाह्नवी कपूर की इन फोटोज को शेयर हुए कुछ ही घंटे हुए हैं और अब तक 5 लाख से भी ज्यादा यूजर्स ने फोटोज पर दिलखोलकर लाइक्स और कॉमेंट्स की बौछार कर दी है।

## राजकुमार राव की फिल्म श्रीकांत की हालत पस्त, 7वें दिन खाते में आए इतने करोड़ रुपये

राजकुमार राव, अलाया एफ, ज्योतिका और शरद केलकर जैसे दिग्गज सितारों से सजी फिल्म श्रीकांत को सिनेमाघरों में रिलीज हुए एक सप्ताह पूरा गया है।यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर ठीक–ठाक कमाई कर रही है, लेकिन दर्शकों के साथ निर्माताओं से इस फिल्म से ज्यादा उम्मीदें थीं।पिछले कुछ दिनों से इस फिल्म की दैनिक कमाई में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है।आइए जानते हैं श्रीकांत ने सातवें दिन कितने करोड़ रुपये का कारोबार किया। बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, श्रीकांत ने रिलीज के 7वे दिन यानी गुरुवार को 1.45 करोड़ रुपये का कारोबार किया,

# पहली बार कप्तान बनते ही कमिंस ने रचा इतिहास, अश्विन को छोड़ा पीछे

नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के 69वें में सनराइजर्स हैदराबाद का मुकाबला पंजाब किंग्स के बीच खेला गया। सनराइजर्स हैदराबाद ने पंजाब किंग्स को चार विकेट मात दी। रफ्ल ने ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस को टीम का कप्तान बनाया और कमिंस ने कमाल कर दिया है। टीम को न सिर्फ प्लेऑफ में पहुंचाया बल्कि अपना नाम एक अनोखा रिकॉर्ड दर्ज किया। आईपीएल के 17वें सीजन के 69वें मुकाबले में पंजाब किंग्स के खिलाफ एक विकेट लेकर उन्होंने एक खास रिकॉर्ड अपने नाम किया। पैट कमिंस ने आर अश्विन के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। इस मैच में पंजाब किंग्स ने पहले बल्लेबाजी की और इस टीम ने 20 ओवर में 5 विकेट पर 214 रन बनाए। पैट कमिंस ने चार ओवर में 36 रन देकर राइली रूसो का एकमात्र विकेट लिया।



आर अश्विन की बराबरी की

इस एक विकेट की मदद से कमिंस अब आईपीएल एक सीजन में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाजों की लिस्ट में शामिल हो गए हैं। कमिंस, आर अश्विन के रिकार्ड की बराबरी करते हुए संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। पैट कमिंस ने इस सीजन 15 विकेट चटकाएं हैं। अश्विन ने साल 2019 में पंजाब कि कप्तानी करते हुए 15 विकेट लिए थे।

**शेन वॉर्न पहले स्थान पर**

आईपीएल में बतौर कप्तान सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज शेन वॉर्न थे, जिन्होंने साल 2008 में कुल 19 विकेट लिए थे। इसके बाद दूसरे नंबर पर अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने साल 2010 में कुल 17 विकेट लिए थे। अब कमिंस ने इस सीजन में हैदराबाद के लिए कप्तानी करते हुए अश्विन की बराबरी कर ली है। हालांकि, कमिंस की टीम प्लेऑफ में पहुंच गई है और उनके पास कुंबले और शेन वॉर्न के रिकॉर्ड तोड़ने का बेहतरीन मौका है।

## एक नजर

### छात्रसंघ का वार्षिकोत्सव 21 से

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः गढ़वाल विवि के पौड़ी परिसर के छात्रसंघ का वार्षिकोत्सव 21 और 22 मई को आयोजित किया जाएगा। वार्षिकोत्सव को सफल बनाने को लेकर छात्रसंघ तैयारियों में जुटा हुआ है। पौड़ी परिसर के छात्रसंघ अध्यक्ष ऋत्विक असवाल ने बताया कि 21 मई को साल 1991 से 2019 तक के सभी छात्रसंघ पदाधिकारियों का सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। 22 मई को विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### गंगा दर्शन और बिलकेदार में चलाया स्वच्छता अभियान

श्रीनगर गढ़वाल। गढ़वाल विवि के बिड़ला परिसर के छात्रसंघ उपाध्यक्ष रूपेश नेगी की पहल पर रविवार को बिलकेदार में स्वच्छता अभियान चलाया गया। आभियान में विवि सहित स्कूली छात्र–छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया। इस मौके पर छात्रों ने बिलकेदार सहित आसपास के क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाकर लोगों को अपने आसपास स्वच्छता बनाये रखने का संदेश दिया। वहीं दूसरी ओर भागीरथी कला संगम के सदस्यों और कलाकारों ने गंगा दर्शन स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर एवं पार्क में सफाई अभियान चलाया। इस मौके पर स्लोगन के माध्यम से लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद बर्थवाल ने कहा कि संस्था विगत कई वर्षों से शहर के अंदर सामाजिक एवं सांस्कृतिक कार्य करती रहती है। संस्था के निदेशक मदन गाडोई ने कहा कि रविवार या अन्य अवकाश दिवस पर संस्था सफाई अभियान चलाती रहेगी।

### नारायणबगड़ के कौब गांव में गुलदार का आतंक

चमोली। नारायणबगड़ विकासखंड के पश्चिमी पिंडर रेंज के अंतर्गत कौब गांव में बीते एक महीने से गुलदार के आतंक से ग्रामीण परेशान है। गुलदार के द्वारा अभी तक कई मवेशियों को निवाला बनाया जा चुका है। नारायणबगड़ विकासखंड में पश्चिमी पिंडर रेंज के अंतर्गत कौब गांव में विगत एक माह से गुलदार के आतंक से ग्रामीण परेशान हैं। गुलजार के द्वारा अभी तक दो खच्चरों समेत कई मवेशियों को निवाला बनाया जा चुका है। रविवार को भी गुलदार ने गौशाला के अंदर घुसकर एक गाय को निवाला लिया। ग्राम प्रधान लक्ष्मण कुमार ने बताया कि दिन के समय भी गांव के समीप गुलजार दिखने से ग्रामीणों में भय का माहौल बना है। गुलदार के द्वारा अभी तक शंभू लाल और संजय लाल के खच्चर और दिवानू लाल की गाय समेत कई काश्तकारों के मवेशियों को निवाला बनाया जा चुका है। जिसकी सूचना वन विभाग को दी जा चुकी है। उन्होंने शीघ्र ही वन विभाग से मुआवजे की मांग की है।

### किसान आंदोलन से ट्रेनों का संचालन प्रभावित, रेल यात्रियों की कम नहीं हुई मुसीबत

रुड़की। शंभू बॉर्डर पर चल रहे किसान आंदोलन से ट्रेनों का संचालन प्रभावित हुआ। यूपी, राजस्थान, बिहार, एमपी, महाराष्ट्र आदि राज्यों के लिए ट्रेनों के रद या फिर लेट चलने की वजह से रेल यात्रियों की मुसीबतें कई गुना तक बढ़ गईं हैं। सबसे ज्यादा परेशानी लंबी दूरी की ट्रेनों में सामने आ रही है। आंदोलन की वजह से इसके चलते हरिद्वार, अमृतसर, हरिद्वार जन शताब्दी एक्सप्रेस व हरिद्वार, श्रीगंगानगर, हरिद्वार इंटरसिटी एक्सप्रेस ट्रेन लगातार 32वें दिन भी दोनो तरफ से रद रहीं। साथ ही कई ट्रेनें 1 घंटे से 21 घंटे लेट भी हुई। सहरसा से अमृतसर, गरीब रथ एक्सप्रेस 21 घंटे श्री माता वैष्णो देवी कटरा से बांद्रा टर्मिनस मुंबई, स्वराज एक्सप्रेस 20 घंटे व गाजीपुर सिटी से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा, वीकली स्पेशल 15 घंटे की देरी से चली। कानपुर सेंट्रल से जम्मूतवी, कानपुर सेंट्रल सुपरफास्ट एक्सप्रेस 12 घंटे, योगनगरी ऋषिकेश से श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा, हेमकुंड एक्सप्रेस 11 घंटे, अमृतसर से हावड़ा, अमृतसर हावड़ा मेल 9 घंटे लेट रही।

इसके साथ ही भागलपुर से जम्मूतवी, जम्मूतवी अमरनाथ एक्सप्रेस 8 घंटे, अमृतसर से देहरादून, देहरादून एक्सप्रेस 7.30 घंटे तथा जम्मूतवी से गुवाहाटी, गुवाहाटी अमरनाथ एक्सप्रेस, जयनगर से अमृतसर, सरयू यमुना एक्सप्रेस, श्रीमाता वैष्णो देवी कटरा से योगनगरी ऋषिकेश, हेमकुंड एक्सप्रेस, छपरा से अमृतसर, समर स्पेशल व कोलकाता से जम्मूतवी, समर स्पेशल, ये पांचों गाड़ियां 7–7 घंटे लेट हुई।

गोरखपुर से चंडीगढ़, समर स्पेशल 5 घंटे, अमृतसर से सहरसा, गरीब रथ एक्सप्रेस 3 घंटे, अमृतसर से पुरैना कोर्ट, जनसेवा एक्सप्रेस 2 घंटे और पुरैना कोर्ट से अमृतसर, जनसेवा एक्सप्रेस व लखनऊ से चंडीगढ़, चंडीगढ़ सुपरफास्ट लगभग 1–1 घंटे की देरी से आई।

# चिलचिलाती धूप व भीषण गर्मी के बीच भी बाबा के दर्शन को उमड़ी भीड़

### रविवार को श्री सिद्धबली मंदिर में उमड़ी भक्तों की भारी भीड़

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चिलचिताली धूप व भीषण गर्मी भी श्री सिद्धबली बाबा के दर्शन को आने वाले भक्तों की राह नहीं डिगा पाई। हालत यह थी कि रविवार को मंदिर दर्शन के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी हुई थी। मंदिर में श्रद्धलुओं के लिए विशेष भंडारे का भी आयोजन किया गया था। अचानक बढ़ी भीड़ से मंदिर को लाने वाले मार्ग पर लगातार जाम की स्थिति भी बनी रही।



कोटद्वार के श्री सिद्धबली मंदिर को जाने वाले मार्ग पर उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

गढ़वाल के प्रवेश द्वार कोटद्वार में स्थित श्री सिद्धबली बाबा से सैकड़ों भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है। यही कारण है कि रविवार को गर्मी का पारा चालीस के पास पहुंचने के बाद भी सैकड़ों भक्त बाबा के दर्शन को पहुंच रहे थे। परिवार के साथ पहुंचे भक्तों ने बाबा सिद्धबली से अपने परिवार के लिए सुख-शांति की कामना की। मंदिर में भक्तों ने भजन संध्या के साथ ही हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। मंदिर दर्शन को पहुंचे भक्तों के लिए विशेष भंडारे का भी आयोजन किया गया था। भंडारे का प्रसाद ग्रहण करने के लिए भी भक्तों की लंबी कतार लगी हुई थी। मंदिर में दस बजे के बाद सबसे अधिक भक्तों की भीड़ देखने को मिली। सिद्धबली को जाने वाले पुल से लेकर सनेह मार्ग तक वाहनों की लंबी कतारे लगी हुई थी।

### मंदिर तक नहीं पहुंचे ट्रैक्टर-ट्रॉली

यातायात व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने के लिए पुलिस की ओर से सड़कों पर अतिरिक्त फोर्स तैनात किया गया था। उत्तर प्रदेश के विभिन्न गांव से ट्रैक्टर-ट्राली में पहुंचे श्रद्धालुओं के कारण जाम की स्थिति अधिक न हो इसके लिए ट्रैक्टर–ट्राली को बुद्धापार्क में ही रोक दिया गया। यहां से चिलचिलाती धूम में श्रद्धालु डेढ़ किलोमीटर पैदल चलकर मंदिर पहुंचे।

# शिविर में 55 लोगों ने किया रक्तदान



शिविरि में रक्तदान करते लोग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः लायंस क्लब डायनामिक की ओर से रविवार को हिमालयन हॉस्पिटल, देहरादून के सहयोग से एक मेडिकल केयर सेंटर में रक्तदान शिविर लगाया गया। शिविर में 55 लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर पर क्लब के सचिव ने डॉ.अनिल मोहन ने कहा कि क्लब जनहित में ऐसे कैंपों का आयोजन करता रहेगा।

क्लब अध्यक्ष मुकेश बत्रा ने कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई दान नहीं है। मौके पर आधारशिला रक्तदान समूह संचालक एवं समाजसेवी दलजीत सिंह, हिमालयन हॉस्पिटल के जन संपर्क अधिकारी केसी जोशी, डॉ. अनम महविश और डॉ. मोहमद जैद ने सहयोग किया।

# युवाओं के लिए मौकाः मेडिकल असिस्टेंट कैडर भर्ती के लिए करें आवेदन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः वायुसेना चयन केंद्र रेस कोर्स नई दिल्ली और एयरफोर्स चंडीगढ़ द्वारा 3 से 12 जुलाई तक एयरफोर्स स्टेशन, चंडीगढ़ में मेडिकल असिस्टेंट कैडर की भर्ती आयोजित की जाएगी। सार्जेंट दीपक केशरी ने बताया कि वायुसेना में नौकरी पाने का युवाओं के लिए सुनहरा मौका है।

कहा कि पुरुष उम्मीदवारों के लिए एयरमैन मेडिकल असिस्टेंट और मेडिकल असिस्टेंट भर्ती रैली होगी। कहा कि शैक्षणिक योग्यता के लिए उम्मीदवार का न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ भौतिक, रसायन विज्ञान, बायोलॉजी और अंग्रेजी विषयों में केंद्रीय, राज्य और केंद्रशासित प्रदेश द्वारा मान्यता प्राप्त शिक्षा बोर्डो से इंटरमीडिएट समकक्ष परीक्षा में उत्तीर्ण होना आवश्यक है। बताया कि पंजीकृत उम्मीदवारों को प्रोविजनल एडमिट कार्ड जारी करके भर्ती रैली में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी। कहा कि रैली में भाग लेने के लिए उम्मीदवारों को पहले पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण 22 मई को 11 बजे से लेकर 5 जून रात 11 बजे तक होगा। भर्ती रैली में शामिल होने वाले युवाओं का जन्म 2 जनवरी 2004 और 2 जनवरी 2008 के बीच होना चाहिए।

### स्वच्छ व स्वस्थ भारत का दिया संदेश

**जयन्त प्रतिनिधि।**

पौड़ीः क्लीन हिमालयन कैंपेन द्वारा रविवार को ग्राम बिचली रांई में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान प्रत्येक घर में गारवेज बैग आवंटित किए गए। साथ की ग्रामीणों को कूड़े को इधर उधर ना फेंकने के लिए जागरूक किया गया। कैंपेन के संस्थापक हर्ष वर्धन चंदोला ने बताया कि बीते रविवार को कैंपेन द्वारा बिचली रांई में ग्रामीणों को वितरित किए गए गारवेज बैग में जमा कूड़े का नगरपालिका के माध्यम से निस्तारण भी किया गया।

इस मौके पर कैंपेन के सचिव मुकेश सिंह, रोमा भद्रा चंदोला, विनोद दनोसी, उन्नत गढ़वाल संस्था की अध्यक्ष यशोदा नेगी, योगेश दनोसी, मनीष ममगांई, सिद्धांत चंदोला, आशा, अजय नेगी, आयुष आदि शामिल रहे।

# वर्षाकाल से पहले पूर्ण करवाएं निर्माण कार्य

### देहरादून में विस अध्यक्ष ने ली अधिकारियों की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः विधानसभा अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण ने अधिकारियों को वर्षाकाल से पहले बाढ़ सुरक्षा कार्य पूर्ण करवाने के सख्त निर्देश दिए हैं। कहा कि कोटद्वार में नदियों में बन रही सुरक्षा दीवार में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

विधानसभा अध्यक्ष ने लोकनिर्माण विभाग के अधिकारियों की बैठक ली। कहा कि वर्षाकाल के समय विकराल बनी नदियों से कोटद्वार क्षेत्र में भारी नुकसान हुआ था। ऐसे में वर्षाकाल के दौरान दोबारा स्थिति न बिगड़े इसके लिए सुरक्षा दीवार व अन्य कार्यों को गुणवत्ता के साथ पूर्ण करवाएं। उन्होंने खोनदी पर बन रही आरसीसी सुरक्षा दीवार, सिद्धबली सेतु व गाड़ीघाट पुल का सुरक्षात्मक कार्य व रिवर ट्रेंचिंग निर्माण कार्य में बेहतर तरीके से करवाने के सख्त निर्देश दिए। कहा कि नदियों में बने पुल को किसी तरह का नुकसान न हो इसके लिए गंभीरता बरते। उन्होंने चिल्लरखाल–सिगड्डी, पाखरो मार्ग के लिए एक सेतु को विभागीय स्वीकृति होने पर खुशी व्यक्त की। कहा कि आचार संहिता समाप्त होते ही पुल निर्माण का कार्य शुरू करवा दिया जाएगा। विस अध्यक्ष ने जीतपुर-रतनपुर क्षतीग्रस्त मोटर मार्ग का आंगणन पुनः शासन में प्रेषित करने के भी आदेश दिए। साथ ही कलालघाटी–मावाकोट मार्ग के मध्य मालन नदी में आरसीसीडबल लेन स्पान पुल निर्माण में वन विभाग से यथाशीघ्र अनापत्ति लेने को भी कहा। इस मौके पर प्रमुख अभियंता डीके यादव, चीफ इंजनीयर ओम प्रकाश, एससी गौरव थपलियाल आदि मौजूद रहे।



देहरादून में अधिकारियों की बैठक लेती विस अध्यक्ष ऋतु खंडूडी भूषण

# अशासकीय विद्यालयों के साथ भेदभाव चिंता का विषय

### अशासकीय प्रधानाचार्य परिषद की ओर से आयोजित की गई बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः शासन की ओर से अशासकीय विद्यालयों के साथ किए जा रहे भेदभाव पर अशासकीय प्रधानाचार्य परिषद ने चिंता व्यक्त की है। कहा कि जो सुविधाएं राजकीय विद्यालयों के बच्चों को मिल रही है वहीं सुविधाएं अशासकीय विद्यालयों के बच्चों को भी मिलनी चाहिए। इस दौरान विभिन्न समस्याओं पर भी चर्चा की गई।

रविवार को परिषद के जिलाध्यक्ष संजय सिंह रावत की अध्यक्षता में आर्य कन्या इंटर कालेज कोटद्वार में बैठक का आयोजन किया गया। जिला सचिव मनवर लाल भारी ने कहा कि विद्यालय की प्रशासन योजना एवं विनियम में संशोधन करके प्रधानाचार्यों को विद्यालय हित एंव छात्र हित में विशेषाधिकार प्रदान किया जाना चाहिए। अशासकीय विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चों को राजकीय विद्यालय की तरह सुविधाएं मुहैया करवाई जानी चाहिए। महामंत्री दीनदयाल भारद्वाज ने कहा कि प्रबंधन समिति के सदस्य में विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं के अभिभावकों को ही शामिल किया जाएं। उत्तराखंड माध्यमिक शिक्षक संगठन के जिलाध्यक्ष डा.महावीर सिंह बिष्ट ने कहा कि विद्यालयों में भौतिक एवं मानवीय संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए हमें विभिन्न सीएसआरफंड से सहयोग करने वाली कंपनियों से संपर्क करना चाहिए। साथ ही जिला योजना से अशासकीय विद्यालयों को भी लाभ दिया जाना चाहिए। बैठक में सेवानिवृत्त प्रधानाचायी व शिक्षकों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया। इस मौके पर दीन दयाल भारद्वाज, महिपाल सिंह, शिव सिंह बिष्ट, कमल बिष्ट, सोमप्रकाश कंडवाल आदि मौजूद रहे। बैठक का संचालन पुष्कर सिंह नेगी ने किया।



आयोजित बैठक में भाग लेते अशासकीय विद्यालयों के शिक्षक व प्रधानाचार्य

### महिला व बालिका को स्वजनों के सुपुर्द किया

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः कोटद्वार क्षेत्र में भटक रही मध्य प्रदेश की दो महिलाओं व एक नाबालिग बालिका को पुलिस ने उनके स्वजनों के सुपुर्द कर दिया। महिलाएं नाबालिग बच्ची के साथ मध्यप्रदेश से हरिद्वार के लिए निकली थी। लेकिन, रास्ता भटकने के कारण वह कोटद्वार पहुंच गई थी। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक मणिभूषण श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार सुबह पुलिस को सूचना मिली कि कौड़िया क्षेत्र में दो महिलाएं एक नाबालिग के साथ भटक रही है। बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस महिलाओं व नाबालिग को कोतवाली में लेकर आई। महिलाओं ने बताया ने बताया कि वह मध्य प्रदेश के अंतर्गत सिंगरौली पुरैल की रहने वाली हैं। वह अपने पति जो कि हरिद्वार में फेरी लगाता है उसके पास जा रही थी। लेकिन, रास्ता भटककर कोटद्वार पहुंच गई। पुलिस ने महिलाओं के स्वजनों से संपर्क कर उन्हें उनके सुपुर्द कर दिया।

### शिशु भारती के पदाधिकारियों को शपथ दिलाई

नई टिहरी। सरस्वती शिशु मंदिर प्रदर्शनी मैदान बौराड़ी में रविवार को शिशु भारती के विभिन्न पदाधिकारियों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।रविवार को जिला शासकीय अधिवक्ता और आरएसएस के जिला कार्यवाह जगतमणि पैन्यूली ने पदाधिकारियों में अध्यक्ष उपासना, उपाध्यक्ष पीयूष, मंत्री अर्नव भंडारी, उपमंत्री शिवांश धनाई और सेनापति कार्तिक व उप सेनापति मयंक को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। पैन्यूली ने कहा कि शिशु भारती और विद्या भारती के स्कूलों में संस्कारवान शिक्षा प्रदान की जा रही है। कहा कि छात्र–छात्राओं में प्राथमिक स्तर से कार्य व अनुशासन की शुरुआत इन्हीं पदों के माध्यम से होती है।

### उत्तरी हरिद्वार में बिजली ट्रिपिंग से व्यापारी नाराज

हरिद्वार। उत्तरी हरिद्वार में रात के समय बिजली जाने से नाराज व्यापारियों ने सीएम को पत्र लिखा है। शनिवार की रात करीब आठ से दस बजार बिजली ट्रिपिंग हुई। जिससे होटल और धर्मशालाओं में रुके यात्रियों के अलावा स्थानीय लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। महानगर व्यापार मंडल के जिलाध्यक्ष सुनील सेठी ने बताया कि उत्तरी हरिद्वार समेत मुख्य बाजारों में रात्रि में बार–बार ट्रिपिंग की गई। कहा कि कई घंटों अघोषित कटौती की वजह से व्यापार पर बुरा असर पड़ रहा है। कहा कि यात्रा सीजन के लिए सभी विभागों को तैयार रहना चाहिए। लेकिन ऊर्जा निगम की हर वर्ष छुट्टियों विशेषकर शुक्रवार से रविवार लोड बढ़ने पर व्यवस्थाएं फेल हो जाती है। आरोप लगाया कि रात्रि में न तो दफ्तरों के न अधिकारियों के फोन उठते है, जिससे यात्री और स्थानीय दोनों परेशान होते है। आरोप लगाया कि व्यापारियों का फ्रिजो में रखा कच्चा सामान खराब हो रहा है। मालूम हो कि शनिवार को खड़खड़ी, भीमगोड़ा, कुंज गली, कृष्णा गली, बसंत गली, कैलाश गली समेत अन्य जगह बिजली की ट्रिपिंग हुई थी।

# दिव्यांगों के हित में कार्य करने का संकल्प



आयोजित कार्यक्रम में मौजूद अतिथि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः दिया दिव्यांग संस्था की ओर से निंबचौड़ में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने दिव्यांगों की मदद का संकल्प लिया।

आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए डा.जयदीप बिष्ट ने कहा कि जो सक्षम नागरिक है और मानव सेवा में योगदान नहीं देते हैं वे असली दिव्यांग हैं। दिव्यांगता शरीर से नहीं मानसिक होती है।

उन्होंने संस्था द्वारा किये जा रहे प्रसासों को महत्वपूर्ण बताया। कहा कि आज समाज में दिया दिव्यांग संस्था प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि संस्था के छात्र-छात्राओं का प्रतिमाह स्वास्थ्य परीक्षण किया जाएगा। योग के प्रति भी छात्र-छात्राओं को जागरूक किया जाएगा। संस्था की मुख्य संयोजक कविता मलासी ने कहा कि संस्था दो वर्षों से सामाजिक सहयोग से कार्य कर रह है। वर्तमान में विभिनन दिव्यांगता वाले 63 बच्चों को पठाया जा रहा है। साथ ही उनके भोजन की भी व्यवस्था की जाती है। इस मौके पर अंशी, मनीषा, दीपक आयुष आदि मौजूद रहे।

### पूर्व पालिकाध्यक्ष नेगी के निधन पर शोक

नई टिहरी। पूर्व नगर पालिकाध्यक्ष सोबन सिंह नेगी (71) के आकस्मिक निधन पर नरेंद्रनगर में शोक की लहर छा गई। सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने स्व. नेगी के निधन पर गहरा शोक जताया है।

अधिवक्ता स्व. नेगी दो बार वर्ष 1987 से 92 और 1992 से 97 तक नगर पालिका के अध्यक्ष रहे। बीते काफी समय से वे अस्थमा रोग से पीड़ित थे। अपने पैतृक आवास पर उन्होंने अंतिम सांस ली।

उनके निधन पर पत्नी, दो बेटों और बेटी का रो–रोकर बुरा हाल है। सोमवार (आज) उनका हरिद्वार स्थित खड़खड़ी घाट पर अंतिम संस्कार किया जाएगा। शिक्षकसंघ के पूर्व पदाधिकारी रहे वाचस्पति रयाल ने बताया कि स्व. नेगी गरीब और असहाय लोगों के मुकदमें निशुल्क भी लड़ते थे।

नरेंद्रनगर शहर के विकास के लिए उनका योगदान अतुलनीय है। उनके निधन पर वन और तकनीकी शिक्षा मंत्री सुबोध उनियाल, पूर्व मंत्री मंत्री प्रसाद नैथानी, पूर्व विधायक ओमगोपाल रावत, पूर्व पालिकाध्यक्ष राजेंद्र विक्रम सिंह पंवार, राजेंद्र सिंह राणा, दुर्गा राणा, पूर्व सभासद भरत सिंह राणा, ब्लॉक प्रमुख राजेंद्र भंडारी, पूर्व ब्लाक प्रमुख वीरेंद्र कंडारी, दीपक सिंह आदि ने शोक जताया है।

# वर्चुअल कार्यशाला में जलवायु परिवर्तन पर की चर्चा

नई टिहरी। पीजी कालेज नई टिहरी की एनएसएस इकाई के तत्वावधान में रविवार को राष्ट्रीय स्तरीय ऑनलाइन (वर्चुअल) कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में उत्तराखंड में विभिन्न जलवायु आपदाओं को प्रभावित करने वाली वस्तुओं पर चर्चा की गई। कार्यशाला को बतौर मुख्य वक्ता उत्तरकाशी के जिला युवा अधिकारी अविनाश कुमार सिंह और एसआरटी परिसर टिहरी के छात्र आयुष वर्मा ने संबोधित किया। अविनाश कुमार सिंह और आयुष वर्मा ने बताया की कैसे पर्यावरण संरक्षण को गांव में स्वरोजगार के साथ जोड़ा जाए। इसके लिए समाज को इस विषय पर ध्यान देने की आवश्यकता है। कहा कि जलवायु परिवर्तन को समझने के साथ ही इसे रोकने के उपायों पर गौर किया जाना चाहिए। इसके लिए सबसे पहले पर्यावरण संरक्षण पर फोकस किया जाना जरूरी है। कार्यशाला आयोजन के अध्यक्ष डा. एलआर डंगवाल ने बताया की अगर हमें जलवायु परिवर्तन पर अंकुश लगाना है, तो पारंपरिक जड़ों से जुड़ना होगा।

# काउंसलिंग से सही दिशा पाने में मिलती है मदद

हरिद्वार। जाट विकास मंच भेल की ओर से विद्यार्थियों के लिए रविवार को करियर काउंसलिंग सेशन का आयोजन इंटरनेशनल क्लब में किया गया। जिसमें आए काउंसलरों ने सही दिशा में जाने का रास्ता दिखाया। काउंसलर के रूप में गुरुकुल कांगड़ी महाविद्यालय के प्रो.रविन्द्र कुमार, महिला डिग्री कॉलेज से प्रो. शशि प्रभा तोमर, इं.योगेश तंवर, प्रो. तेजवीर सिंह और सीए नागेन्द्र बिजानिया मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जाट विकास मंच के महामंत्री राजीव चौधरी, अध्यक्ष सुशील आर्य और संरक्षक विवेक सिंह ने सभी काउंसलरों का स्वागत किया। इस मौके पर वक्ताओं ने कहा कि कई बार छात्रों को अपनी पसंद और प्रतिभा के बारे में स्पष्टता नहीं होती। काउंसलिंग द्वारा उनकी रुचि, क्षमताओं और सीखने की शैली का आकलन कर उन्हें सही दिशा पाने में मदद मिलेगी। कहा कि आज शिक्षा के क्षेत्र में ढेरों विकल्प मौजूद हैं। काउंसलिंग द्वारा छात्रों को विभिन्न पाठ्यक्रमों, संस्थानों और करियर के अवसरों के बारे में जानकारी दी गयी। इससे छात्रों को यह तय करने में मदद मिलेगी है कि उनके लिए कौन सा रास्ता सबसे उपयुक्त है। इस दौरान प्रतिभागी बच्चों के अलावा उपाध्यक्ष योगेंद्र पंवार, कोषाध्यक्ष प्रवेश कुमार, सचिन राठी, धीरज बालियान, विनित कुमार, विनित चौधरी, भूपेंद्र कुमार, श्रवण कुमार, नरेंद्र सिंह मान, अनिल श्योरान आदि उपस्थित रहे।

### बीकेटीसी उपाध्यक्ष ने लिया यात्रा व्यवस्थाओं का जायजा

चमोली। बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति उपाध्यक्ष किशोर पंवार ने रविवार को बदरीनाथ धाम में यात्रा दर्शन व्यवस्था तथा मंदिर समिति कार्यालय और विभिन्न काउंटरों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने यात्रियों से बातचीत कर यात्रा व्यवस्थाओं की जानकारी भी ली। उपाध्यक्ष ने मंदिर समिति के अधिकारियों–कर्मचारियों को यात्रा व्यवस्था और अधिक बेहतर बनाने के निर्देश दिए।


## कार्यालय, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, दुगड्डा।
## उत्तराखण्ड लोक निर्माण विभाग

पत्राक– 1824/1800 सी० दिनांक– 14/05/2024

### अल्पकालीन निविदा सूचना

माननीय राज्यपाल उत्तराखण्ड की ओर से अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यो हेतु सील्ड निविदा दि0 29/05/2024 को अपरान्ह 3.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 20/05/2024 से 28/05/2024 तक किसी भी कार्य दिवस में निम्नलिखित कार्यालयों से प्राप्त किये जा सकते हैं दिनांक 29/06/2024 को अपराहन 3.00 बजे तक इन्हीं कार्यालयों में डाले जा सकते है ।

1. अधीक्षण अभियन्ता, 12वृत्त, लो0नि0वि0 पौड़ी। 2.अधिशासी अभियन्ता,निर्माण खण्ड,लो0नि0वि0 दुगडडा। 3. अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, लैन्सडौन। 4. अधिशासी अभियन्ता, अस्थाई खण्ड,लो0नि0वि0 ऋषिकेश।

| क्रं0 | कार्य का नाम | धरोहर धनराशि (रु० में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा की वैद्यता | कार्य पूर्ण करने की अवधि | ठेकेदारों की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | वर्ष 2024-25 में वार्षिक अनुरक्षण मद के अंतर्गत कर्तिया-जुई मोटर मार्ग के कि0मी0 1 में कोल्ड मिक्स द्वारा नवीनीकरण का कार्य। | 48,500.00 | 1500.00+ जी0एस0टी0 | 60 दिन | 09 माह | 7 मार्ग कार्य में श्रेणी डी० एवं उच्चतर। |

निविदा दिनांक 30/05/2024 को पूर्वाहन 11:00 बजे उपस्थित निविदादाताओं अथवा अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड, लो०नि०वि० दुगड्डा में कार्यालय में खोली जायेगी। अन्य शर्ते निविदा पत्र के साथ देखी जा सकेंगी। किसी भी निविदा को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अभियन्ता**
**निर्माण खण्ड, लो०नि०वि०, दुगड्डा।**

## एक नजर

### माता के भजनों पर झूमे श्रद्धालु

विकासनगर। लक्ष्मणपुर स्थित खेड़ा मंदिर में शनिवार रात माता का जागरण किया गया। जागरण में मामा–भांजा पार्टी के भजन गायकों ने कर्णप्रिय भजनों से माहौल भक्तिमय बना दिया। माता के भजनों पर श्रद्धालु जमकर झूमे। जागरण की शुरुआत विघ्नहर्ता भगवान गणेश की वंदना के साथ हुई। मां शारदे और गुरु की स्तुति के बाद माता के भजनों का सिलसिला शुरू हुआ। मामा–भांजा पार्टी के जमाल थापा ने ह्यऐ मां मुझको ऐसा घर दो जिसमें तुम्हारा मंदिर हो..., माता किसी गरीब की बिगड़ी संवार दे... भजन प्रस्तुत किए। अमित थापा ने चलो बुलावा आया है, माता ने बुलाया है..., भक्तों को दर्शन दे गई एक छोटी सी कन्या..., मां मुरादें पूरी कर दे हलवा बांटूंगा... भजन प्रस्तुत किया तो श्रद्धालु भक्ति भाव से झूमने लगे। रविवार तड़के तक माता के भजनों का क्रम जारी रहा। सुबह आरती के बाद भोग लगाकर भंडारे का आयोजन किया गया। इस दौरान खेड़ा मंदिर समिति अध्यक्ष प्रवीण रावत, नितिन दुबे, तुषार, राकेश शर्मा, विनोद रावत, राजकुमार, गोपाल मल्ल, अरविंद तोमर आदि मौजूद रहे।

### गर्मी में राहत पाने को पर्यटक स्थलों पर रही भारी भीड़

देहरादून। भीषण गर्मी में राहत पाने के लिए वीकेंड के दौरान पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों की पांच गुना अधिक भीड़ बढ़ गई। पर्यटक स्थलों के रूट में दिन भर रेंग–रेंगकर वाहन गुजरते रहे। कई स्थानों पर जाम की स्थिति बनी रही। इसके बावजूद यात्रियों ने पर्यटक स्थलों पर पहुंचकर पानी में छलांग लगाई और चैन की सांस ली। शहर से सटे सहस्त्रधारा, गुच्चुपानी और लच्छीवाला नेचर पार्क में सुबह से पर्यटकों की भीड़ लगनी शुरू हो गई। सहस्त्रधारा में दो किलोमीटर पहले से जाम लगने लगा। दिन भर वाहनों रेंग–रेंगकर गुजरते रहे। करीब चार हजार पर्यटकों ने वहां पहुंचकर पानी में छलांग लगाई। खूब मौजमस्ती कर पर्यटकों ने आपस में आनंद लिया। इस दौरान सहस्त्रधारा के सभी कैफे और होटल में दिन भर भीड़ लगी रही। वहीं कुछ लोगों ने जंगल के किनारे बैठकर घर से लाए खानेपीने के सामान के साथ पिकनिक मनाई।

**3500 से अधिक पर्यटक पहुंचे लच्छीवाला**

लच्छीवाला में आम दिनों में करीब 700 पर्यटक आते हैं। रविवार को वहां 3,500 से अधिक पर्यटक पहुंचे। पर्यटकों ने वहां मौजूद नदी में तैर कर गर्मी से राहत पाई। बच्चों ने वहां मौजूद झूलों में खूब खेला। पर्यटकों ने पिकनिक मनाकर खूब मौज मस्ती की। वहीं गुच्चुपानी में पहुंचकर पर्यटकों ने नदी के पानी में खूब नहाया।

**पर्यटकों ने कुर्सी और चेजिंग रूम मांग की**

लच्छीवाला स्थित नेचर पार्क में इन दिनों रोजाना 700 से अधिक पर्यटक पहुंच रहे है। जबकि वीकेंड के दिनों में यहां पर्यटकों की संख्या तीन हजार से अधिक हो जाती है। वहां पहुंचे धर्मपुर निवासी आयुष और यमुनानगर निवासी गुरमीत ने कहा कि यहां पर बैठने के लिए कुर्सियों की कोई व्यवस्था नहीं है।

इसके अलावा महिलाओं के चेजिंग रूम भी नहीं है। उन्होंने कहा कि बाहर से आने वाली सैलानी इसे गंदा करते हैं। जबकि इसके लिए प्रशासन को प्रभावी कदम उठाना चाहिए।

### खटोली व कुलियालगांव सड़क में डामर होगा

चम्पावत। अमोड़ी–खटोली व कुलियालगांव–साल सड़क में डामर होगा। 6.30 करोड़ रुपये से दोनों सड़कों में डामरीकरण किया जाएगा। कार्यदायी संस्था ने टेंडर की कार्रवाई तकरीबन पूरी कर ली है। सड़क में डामर होने से हजारों की आबादी को लाभ मिल सकेगा। चम्पावत डिवीजन में अमोड़ी–खटोली सड़क में डामरीकरण होगा। इसके लिए कार्यदायी संस्था पीएमजीएसवाई ने 3.50 करोड़ रुपये का प्रस्ताव तैयार किया गया है।

करीब 20 किमी लंबी सड़क में डामरीकरण करने का प्रावधान किया गया है। इधर लोहाघाट डिवीजन के तहत आने वाली कुलियालगांव–साल सड़क में भी डामरीकरण किया जाएगा। इस कार्य में 2.80 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। कार्यदायी संस्था पीएमजीएसवाई ने 15 किमी लंबी सड़क में डामर करने का प्रावधान किया है। पीएमजीएसवाई के सहायक अभियंता संजय तिवारी ने बताया कि दोनों सड़कों में टेंडर की कार्यवाही तकरीबन पूरी कर ली है। शीघ्र निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

यहां के ग्रामीण लंबे समय से सड़क में डामरीकरण करने की मांग कर रहे थे। दोनों सड़कों में डामरीकरण होने से यहां की दो हजार से अधिक की आबादी को आवाजाही करने में सहूलियत हो सकेगी।

## प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्रों का किया वितरण



नई टिहरी। नागणी में खाद्य प्रसंस्करण कार्यक्रम के समापन पर रविवार को प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया। मौके पर कहा कि कौशल विकास से ही स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं नागणी में आयोजित कार्यक्रम में बीज बचाओ आंदोलन के प्रणेता व इंदिरा गांधी पर्यावरण पुरस्कार प्राप्त विजय जडधारी, वरिष्ठ पत्रकार रघुभाई जडधारी, संस्था के अध्यक्ष देवेंद्र थापा और सचिव दिवाकर पैन्यूली ने 30 प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाणपत्र बांटे। कहा कि वर्तमान दौर में छोटे–छोटे स्किल से भी स्वयं का रोजगार तैयार कर सकते हैं। कहा कि पारंपरिक खानपान और पारंपरिक खेती से ही हम स्वस्थ जीवन जी सकते हैं। आज लोग बाजार पर ही निर्भर हो गए हैं। जो शुभ संकेत नहीं है।

महिलाओं को बताया कि पहाड़ी उत्पादों को ठीक से तैयार करें। उसकी गुणवत्ता और प्रस्तुतिकरण में कमी नहीं होनी चाहिए। इससे उन्हें बाजार हमेशा उपलब्ध मिलेगा। संस्था सचिव दिवाकर पैन्यूली, उपाध्यक्ष अनीता पैन्यूली ने कहा कि उनके केंद्र पर प्रशिक्षणार्थियों ने आंवला, गुरियाल, पिलखू, तिमला और लहसुन आदि का अचार, सेब का जैम और चटनी, माल्टा, बुरांश और पुदीना का जूस बनाना सिखाया गया।

इस अवसर पर नरेश बहुगुणा, बीना देवी, प्रगति सकलानी, सुषमा, सीमा मैठाणी, बबली, सुनीता, उषा देवी, कविता, सीमा सकलानी, प्रियंका नौटियाल, सुनैना सेमवाल, निर्मला नेगी, बबीता, सविता देवी, रीना नेगी उपस्थित थे।



## पूर्व बीआरसी लखपत रावत ने विभिन्न विद्यालयों में बांटी 1 लाख 75 हजार की प्रतियोगी पुस्तकें

चमोली। पूर्व ब्लॉक संसाधन सेंटर गैरसैंण के प्रभारी लखपत सिंह रावत ने बीते दिन कई सरकारी विद्यालयों में अपने पिता त्रिलोक सिंह रावत की याद में प्रतियोगी पुस्तकों का वितरण किया है। उनका कहना है कि इससे प्रतियोगी परीक्षा और सामान्य ज्ञान बढ़ाने में छात्र–छात्राओं को लाभ होगा। लखपत सिंह रावत बीती मार्च माह में प्रधानाध्यापक राउप्रावि सलियाणा से सेवानिवृत हुए हैं। वे एक शिकारी भी है और अभी तक 55 आदमखोर गुलदारों को ठिकाने लगा चुके हैं।

## सेलाकुई से डूंगा तक बस सेवा नहीं होने से ग्रामीण परेशान

विकासनगर। सेलाकुई से डूंगा तक सीधी बस सेवा नहीं होने से एक दर्जन से अधिक गांवों के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को मजबूरन ज्यादा किराया देकर निजी वाहनों से सफर करना पड़ रहा है। इन गांवों के छात्र–छात्राओं को स्कूल तक जाने के लिए करीब आठ किमी की दूरी तय करनी पड़ती है। लोग लंबे समय से इस मार्ग पर सिटी बस के संचालन की मांग करते आ रहे हैं, लेकिन हजारों ग्रामीणों की समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सेलाकुई से डूंगा मार्ग पर बहादरपुर, तेलपुरा, पौड़वाला, राजावाला, भगवानपुर, भरतपुर, भाऊवाला, भानवाला, बेलोवाला, डूंगा सहित एक दर्जन से अधिक गांव पड़ते हैं। इन गांवों में 10 हजार से अधिक आबादी निवास करती है। इन ग्रामीणों को हर दिन सेलाकुई औद्योगिक क्षेत्र और राजधानी में रोजगार के सिलसिले में जाना पड़ता है। जबकि, एसजीआरआर इंटर कॉलेज भाऊवाला में आसपास के छह किमी के दायरे के छात्र–छात्राएं पढ़ने आते हैं। सिटी बस सेवा नहीं होने के चलते छात्र–छात्राओं को तो पैदल ही इंटर कॉलेज तक जाना पड़ता है। अन्य ग्रामीणों को अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए छोटे वाहन चालकों की मनमानी झेलनी पड़ती है। स्थानीय निवासी मनमोहन सिंह, रमेश आजाद, प्रमोद कुमार, सावित्री देवी, प्रमिला कुमारी, शबनम, हरमीत सिंह ने बताया कि परिवहन निगम से लेकर क्षेत्रीय विधायक तक से कई बार इस मार्ग पर सिटी बस सेवा शुरू कराने की मांग की गई। लेकिन समस्या की ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है।

### चम्पावत में हर साल कम हो रही आलू की पैदावार

चम्पावत। चम्पावत जिले में हर साल आलू की पैदावार कम हो रही है। जंगली सुअर के कहर से किसानों का मोह भंग हो रहा है। एक दौर में आलू की खेती आजीविका का प्रमुख साधन होती थी। लेकिन लोग अब इस नगदी फसल की खेती कम करने लगे हैं। एक जमाने में जिले के पहाड़ी हिस्से के किसान बड़े क्षेत्रफल में आलू की खेती करते थे। यहां की मिट्टी आलू के लिए बेहतर है। इस वजह से यहां के आलू की मांग भी बहुत ज्यादा है। आलू की खेती से किसान वर्षभर की आजीविका चलाते थे। ढकना बडोला, डूंगरासेठी, पुनेठी, चौकी, फूंगर, फुलारागांव, चैकुनीबोरा, मुड़ियानी, मादली, बाजरीकोट, खेतीखान, धूनाघाट, राईकोट कुंवर, फोर्ती, रायनगर चौड़ी में बड़े पैमाने पर आलू की खेती होती थी। लेकिन अब किसानों का आलू की खेती से मोह भंग हो रहा है।

## एनईपी से शिक्षा में बड़े बदलाव होंगे: प्रो सकलानी

नई टिहरी। जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) में रविवार को एनईपी को लेकर विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में बतौर मुख्य वक्ता एनसीईआरटी के निदेशक प्रो. डीपी सकलानी ने कहा कि एनईपी के तहत शिक्षा में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। गोष्ठियों की मदद से एनईपी के क्रियान्वयन को लेकर लगातार कार्य किया जा रहा है।रविवार को आयोजित गोष्ठी में एनसीईआरटी के निदेशक व गोष्ठी के मुख्य अतिथि प्रो. सकलानी का डायट प्राचार्य हेमलता भट्ट सहित स्टाफ ने शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। जिसके बाद प्रो. सकलानी ने गोष्ठी का शुभारंभ किया। गोष्ठी में नई शिक्षा नीति (एनईपी) के आलोक में विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों को लेकर चर्चा की गई। निदेशक प्रो सकलानी ने आगे कहा कि नई शिक्षा नीति 2020 पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यशालाओं और प्रशिक्षणों को प्रभावी बनाने के लिए स्थानीयता को जोड़ा



जाना जरूरी है। शिक्षण कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के लिए स्थानीय शिल्पकारों की सहायता से शिक्षण सहायक सामग्री का निर्माण किया जाये, ताकि स्थानीय संस्कृति एवं उत्पादों को बढ़ावा मिल सके। डायट में प्लास्टिक की सामग्री का बिल्कुल भी उपयोग न किये जाने की प्रो. सकलानी ने प्रशंसा की। निदेशक द्वारा जनपद के विभिन्न विद्यालयों का भी मौके पर अनुश्रवण करते हुए कहा कि अपने शिक्षण कार्य को और अधिक प्रभावी बनाने को विद्यालय के पास ही आवासित रहने को कहा।

## त्यूणी–मसूरी–चकराता एनएच पर दो घंटे तक जाम में फंसे रहे श्रद्धालु

विकासनगर। त्यूणी–चकराता–मसूरी राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार को जाड़ी और लोखंडी के बीच दो घंटे तक जाम लगा रहा। जाम में जाड़ी और इंद्रोली काली माता मंदिरों में आने वाले श्रद्धालु फंसे रहे, लेकिन थाना पुलिस और राजस्व पुलिस का कोई भी कर्मचारी जाम खुलवाने नहीं पहुंचा। काली माता मंदिरों में दर्शन के लिए शनिवार रात से ही श्रद्धालुओं के वाहनों के आने सिलसिला शुरू हो गया था। श्रद्धालुओं के वाहनों से मार्ग पर यातायात का दबाव बढ़ गया। रविवार सुबह ग्रामीणों के नगदी फसलों से लदे वाहनों का आवागमन भी शुरू हुआ। सुबह करीब दस बजे पहली बार जाम लगा। इसे श्रद्धालुओं ने आधे घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद खुलवाया। दोपहर 12.30 बजे फिर जाम लग गया। इस बार वाहनों की कतार दो किमी से अधिक लंबी हो गई। इसे खुलवाने में श्रद्धालुओं और ग्रामीणों के भी पसीने छूट गए। दो घंटे तक वाहनों को आगे पीछे



करते रहने के बाद ढाई बजे यातायात सुचारु हो पाया। लेकिन सिजलाधार और लोखंडी के बीच फिर जाम लग गया। यहां भी आधे घंटे तक वाहन जाम में फंसे रहे। जाड़ी मंदिर में दर्शन के लिए जा रहे श्रद्धालु दीवान सिंह चौहान, ग्यार दत्त जोशी, पंचम सिंह ने बताया कि राजस्व पुलिस को जाम लगने की सूचना दी गई, लेकिन कोई भी अधिकारी, कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। उधर, एसडीएम योगेश मेहरा ने बताया कि मंदिरों में रविवार को बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के आने की सूचना नहीं मिली थी। अगले रविवार से यातायात व्यवस्था नियंत्रित रखने के उपाय किए जाएंगे।

### मटेला का जंगल आया आग की चपेट में

चम्पावत। क्वैराला घाटी स्थित मटेला गांव का जंगल आग की चपेट में आ गया। इससे वन संपदा को व्यापक नुकसान पहुंचा है। वनाग्नि से इलाके में धुंध छाई हुई है। क्वैराला घाटी के मटेला गांव का जंगल बीते शनिवार रात आग से धधक उठा।

चीड़ बाहुल्य जंगल होने से आग तेजी से फैली। कुछ ही देर में आग ने जंगल के बड़े हिस्से को चपेट में ले लिया। वनाग्नि की वजह से तमाम तरह की वनस्पतियां राख हो गई। इसके अलावा कई जीवों और जानवरों की मौत हो गई। स्थानीय निवासी कमल सिंह बिष्ट, महेश जोशी, श्याम राम, सुरेश जोशी आदि ने बताया कि वनाग्नि की वजह से इलाके में धुंध छाई हुई है। इस वजह से दृश्यता में काफी कमी आ गई है। धुएं की वजह से लोगों को सांस लेने में परेशानी होने के साथ आंखों में जलन की समस्या का सामना करना पड़ा।

## एफएमपीसी 2024 का पोस्टर रिलीज

ऋषिकेश। एम्स ऋषिकेश में आगामी 28 और 29 सितंबर को एकेडमी ऑफ फेमिली फिजिशियन ऑफ इंडिया का छठा राष्ट्रीय सम्मेलन होगा, जिसके लिए रविवार को परमार्थ निकेतन में एफएमपीसी 2024 का छठा राष्ट्रीय सम्मेलन का पोस्टर लॉन्च किया गया।

एकेडमी ऑफ फेमिली फिजिशियन ऑफ इंडिया उत्तराखंड चैप्टर के चिकित्सकों की टीम रविवार को परमार्थ निकेतन पहुंची। वहां उन्होंने परमार्थ निकेतन के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती से मुलाकात की। चिकित्सकों ने बताया कि 28 और 29 सितंबर को एकेडमी ऑफ फेमिली फिजिशियन ऑफ इंडिया का छठा राष्ट्रीय सम्मेलन एम्स ऋषिकेश में आयोजित होगा। यह राष्ट्रीय सम्मेलन सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग, एम्स ऋषिकेश और एकेडमी ऑफ फेमिली फिजिशियन ऑफ इंडिया (एएफपीआई) उत्तराखंड चैप्टर के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। सम्मेलन के एजेंडे में नवीन देखभाल मॉडल, निवारक स्वास्थ्य देखभाल रणनीतियों और पारिवारिक चिकित्सा और प्राथमिक देखभाल में पुरानी स्थितियों और गंभीर बीमारियों के प्रबंधन पर चर्चा की जायेगी। स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि स्वास्थ्य किसी भी राष्ट्र के लिए जरूरी विषय है। बिना स्वस्थ समाज के किसी भी देश का आर्थिक, औद्योगिक व सांस्कृतिक विकास संभव नहीं है। इस दौरान एफएमपीसी 2024 का छठा राष्ट्रीय सम्मेलन का पोस्टर रिलिज़ किया गया।

## लो प्रेशर से गहराया पेयजल संकट

विकासनगर। लो प्रेशर के कारण पछुवादून की कई आवासीय कालोनियों में बीते 15 दिनों से पेयजल संकट गहरा गया है। भीषण गर्मी में पर्याप्त पानी नहीं मिलने से लोगों को भारी मुश्किलें झेलनी पड़ रही हैं। पानी की समस्या को देखते हुए कुछ लोग तो नाते रिश्तेदारों के यहां चले गए हैं।

विकासनगर के रसूलपुर, लक्ष्मणपुर, दिनकर विहार, बाबूगढ़, विद्यापीठ मार्ग के लोगों को पेयजल संकट से दो–चार होना पड़ रहा है। लो प्रेशर की वजह क्षेत्र में पानी की मांग अधिक और उपलब्धता कम होना बताई जा रही है। लोगों ने इस समस्या के बारे में जल संस्थान के अधिकारियों से कई बार शिकायत की, फिर भी समस्या का निराकरण नहीं हो सका। पेयजल संकट से जूझ रहे लोगों का कहना है कि पेयजल लाइन के शुरुआत वाले घरों में टुल्लू पंप लगाकर जरूरत से अधिक पानी जमा किया जाता है, इससे बाकी घरों के नलों तक पानी पहुंचता ही नहीं है। स्थानीय बाशिंदे अंकुर नेगी, रमन ठाकुर, राकेश शर्मा, मोहित नेगी, मनोज नेगी, सरिता कंडारी, नवीन जोशी ने बताया कि अधिकारियों को इस बात की जानकारी भी है, बावजूद इसके वे ध्यान नहीं दे रहे। इसी तरह की दिक्कत लाइन जीवनगढ़, डाकपत्थर के नई यमुना कालोनी, डांडा जंगल में भी है। जलकल अभियंता जयपाल चौहान का कहना है कि लोगों को पानी का दुरुपयोग नहीं करने की सलाह दी गई है।

### स्कूटी और कार की भिड़ंत में एक घायल

चम्पावत। लोहाघाट नगर में कार और स्कूटी के बीच भिड़ंत हो गई। हादसे में स्कूटी सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल को हायर सेंटर रेफर कर दिया।रविवार अपराह्न एक बजे के करीब लोहाघाट स्टेशन बाजार में स्कूटी और कार के बीच टक्कर हो गई। हादसे में चम्पावत की ओर जारहे स्कूटी सवार 24 वर्षीय ललित सिंह धौनी घायल हो गया। उसके माथे, पांव और शरीर के अन्य हिस्सों में चोट आ गई। समीप में ड्यूटी कर रहे यातायात पुलिस के कांस्टेबल हेम माहरा ने आसपास के लोगों की मदद से घायल को लोहाघाट अस्पताल में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायल युवक को रेफर कर दिया गया।

## देववन मंदिर पहुंची पवासी महासू देव की पालकी

विकासनगर। देववन जंगल में सालभर में एक बार आयोजित होने वाले अखतीर मेले में पवासी महासू देव शनिवार रात प्रवास पर देववन के मंदिर पहुंचे। गाजे–बाजे के साथ पहुंची देव पालकी की अखतीर यात्रा में स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। देववन के मंदिर में दो दिन पूजा–अर्चना के बाद पवासी महासू देव वापस मूल मंदिर लौटेंगे। देववन में पवासी महासू का प्राचीन मंदिर है। यहां साल भर में एक बार मई और जून माह के बीच में शुभ लग्न में अखतीर का मेला लगता है। मान्यता के अनुसार केदारनाथ और बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की तिथि घोषित होने के बाद देववन मंदिर में



अखतीर मेले की तैयारी शुरू होती है।

धार्मिक मान्यता के अनुसार इस मेले में परियों से मिलने का वचन निभाने के लिए पवासी महासू देव सालभर में एक बार प्रवास पर देववन के मंदिर जाते हैं। इस बार 19 और 20 मई को अखतीर मेले का आयोजन होने से पवासी महासू की देव पालकी गाजे–बाजे के साथ ठडियार मंदिर से दस किमी की पदयात्रा कर शनिवार रात को प्रवास पर देववन पहुंची। देव पालकी ने सबसे पहले मंदिर के पास स्थित शिला में जाकर परियों से भेंट की। देव पालकी और शिला की पूजा–अर्चना के बाद पवासी महासू देववन मंदिर के गर्भगृह में विराजमान हुए, जहां दो दिन तक देवता की पूजा अर्चना की जाएगी।

**साल में दो दिन खुलते हैं देववन मंदिर के कपाट**

देववन मंदिर में दो दिन प्रवास के बाद पवासी महासू देव के वापस लौटने से मंदिर के कपाट साल भर के लिए बंद हो जाते हैं। इस मंदिर में सिर्फ दो दिन देवता की विशेष पूजा–अर्चना होती है।

## गायत्री मंत्र से मिलती है सही बुद्धि

ऋषिकेश। वैदिक साधन आश्रम तपोवन में 75वां स्थापना दिवस रविवार को धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में पहुंचे वक्ताओं ने लोगों से वैदिक पद्धतियों को अपनाने और प्रचार–प्रसार करने का आह्वान किया। उन्होंने गायत्री मंत्र से सही रास्ते पर ले जाने वाली बुद्धि मिलने की बात कही। कार्यक्रम का शुभारंभ यज्ञ के साथ किया गया, जिसमें आर्यजगत् के विद्वान् आचार्य पंडित विष्णु मित्र वेदार्थी ने आहुति डाली। उन्होंने आजीवन यज्ञों के लिए संकल्पित हुए यज्ञमानों को यज्ञोपवीत धारण कराया और पंच यज्ञों को करने की प्रेरणा दी। सार्वदेशिक आर्य प्रतिनिधि सभा के अध्यक्ष स्वामी आर्यवेश ने कहा कि हमें बुद्धि के लिए प्रभु से गायत्री मंत्र द्वारा प्रार्थना करनी चाहिए। गायत्री मंत्र से शक्ति, सही रास्ते पर ले जाने वाली बुद्धि मिलेगी। श्रद्धा से प्रार्थना करने से रास्ता साफ प्रशस्त होगा। जो लोग गायत्री मंत्र पढ़ने से महिलाओं को रोकते हैं, उन पर कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। उन्होंने गुरुकुलीय शिक्षा प्रणाली अपनाने पर बल दिया। गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमदेव शतांशु ने कहा कि प्रभु भक्ति से आनंद की प्राप्ति होगी। सम्पूर्ण ज्ञान विज्ञान की शिक्षा से ही विद्यार्थी का पूर्ण विकास सम्भव है। मौके पर खानपुर विधायक उमेश शर्मा, पंडित शैलेश मुनि सत्यार्थी, कुलदीप आर्य, रमेश चन्द स्नेही, मीनाक्षी पंवार, स्वामी उमेश चन्द्र कुलश्रेष्ठ, महात्मा चित्तेश्वरानन्द, स्वामी योगेश्वरा नन्द, आर्यमुनि, देव शर्मा विद्यालंकार, सोमदेव वेदालंकर, आचार्य आशीष दर्शनाचार्य, इंदू बाला, विजय कुमार आर्य, केशव आर्य, विनीश आहूजा, दीपाली कुकरेजा, लोकश्री अग्निहोत्री, दिव्यांशु अग्निहोत्री, देवदत्त बाली, सविता डंग, अरुण डंग, सुधीर कुमार माटा, श्याम आर्य, प्रदीप दत्ता, विनीश आहूजा, भुवनेश कपूर, सुशील भाटिया, डा. प्रमोद सक्सेना, सत्य पाल आर्य, सुरेश आर्य आदि उपस्थित रहे।

### बनबसा कॉलेज को 2.15 लाख रुपये दिए

चम्पावत। महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास विभाग चम्पावत की टीम ने बनबसा डिग्री कॉलेज को बेटी–बचाओ–बेटी पढ़ाओ योजना के तहत 2.15 लाख रुपये की धनराशि दी है। प्राचार्या डॉ. आभा शर्मा ने बताया कि योजना के तहत कॉलेज में बालिकाओं के लिए न्यूनतम तीन माह का कंप्यूटर प्रशिक्षण दिया जाएगा।

### संचालन समिति ने सीएम को याद दिलाया उनका वादा

बागेश्वर। बंदर भगाओ खेती बचाओ जन अभियान संचालन समिति ने क्षेत्र में बंदरों के बढ़ रहे आतंक पर चिंता जताई है।

साथ ही सीएम पुष्कर सिंह धामी को उनका वादा याद दिलाया है। अप्रैल में गरुड़ में आयोजित जन सभा में उन्होंने बंदरों के आतंक से निजात दिलाने की बात की थी, लेकिन सरकार इस समस्या को हल्के में ले रही है। इससे किसान परेशान हैं।

मालूम हो कि समिति द्वारा बंदरों के आतंक से पीड़ित जनता को राहत दिलाने हेतु जनवरी से जन अभियान चलाया था। इस बीच लोक सभा निर्वाचन की आचार संहिता और प्रदेश सरकार के आश्वासनों के बीच अभियान को स्थगित रखा गया है।समिति ने आक्रोश व्यक्त किया है कि प्रदेश सरकार इस बड़ी जन समस्या को बहुत हल्के में ले रही है।

## शतरंज प्रतियोगिता में अंश और लक्ष्य रहे अव्वल

ऋषिकेश। होपवे पब्लिक स्कूल में सीबीएसई सहोदय इंटर स्कूल में शनिवार को शतरंज प्रतियोगिता हुई, जिसके सीनियर वर्ग में एएनडी पब्लिक स्कूल के अंश सिंह और जूनियर वर्ग में लक्ष्य सिंह ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

भानियावाला स्थित होपवे पब्लिक स्कूल में सीबीएसई सहोदय इंटर स्कूल द्वारा शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें क्षेत्र के 18 स्कूलों के छात्र छात्राओं ने शिरकत की। सीनियर ग्रुप में श्यामपुर के एएनडी पब्लिक स्कूल के छात्र अंश सिंह ने प्रथम, दून इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल के अनुभव पोखरियाल ने द्वितीय और एनडीएस के आयुष नाथ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। वहीं जूनियर वर्ग में एएनडी पब्लिक स्कूल के लक्ष्य सिंह ने प्रथम, होली एंजेल स्कूल के पीयूष मेहर ने दूसरा, डीएसपी के आदित्य मोहन ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। सीनियर वर्ग में सांत्वना पुरस्कार पारस पब्लिक स्कूल के अरुण त्यागी और दून इंटरनेशनल स्कूल के अविष्क रतूड़ी को मिला। जबकि जूनियर वर्ग में होपवे पब्लिक स्कूल के छात्र सक्षम रावत और दून इंटरनेशनल स्कूल के युग पुंडीर को सांत्वना पुरस्कार मिला। निर्णायक की भूमिका में शेर सिंह थापा रहे। मौके पर शतरंज फेडरेशन क्लब के बृजेश राय, होपवे पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सुशील बिजल्वाण, प्रधानाचार्य रतन सिंह पंवार, राजेश्वरी देवी, रजनी अरोड़ा, दुर्गा लता बागड़ी आदि उपस्थित रहे।

**जयन्त**
**संस्थापक**
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com